दैनिक
सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन



वर्ष 52/ अंक 208/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शनिवार 11 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

भारतीय रेल को 26,338 करोड़ रुपए का घाटा, इतिहास में पहली बार हुआ इतना नुकसान

नई दिल्ली। भारतीय रेल को पिछले एक साल में बहुत ज्यादा घाटा हुआ है और इस घाटे को इतिहास में सबसे ज्यादा बताया जा रहा है. महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे को पिछले एक साल में 26,338 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है. ऐसा माना जा रहा है कि रेलवे को इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में घाटा हुआ है. रेलवे की माने तो मंत्रालय के अनुसार 1589 करोड़ रुपए का नेट सरप्लस दिखाया गया था लेकिन सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक ये गलत साबित हुआ है।

रिपोर्ट में हुआ खुलासा- रिपोर्ट के 3 अध्यायों में इसे 26,326.39 करोड़ रुपए का घाटा बताया गया है. उदाहरण के तौर पर इसे समझा जा सकता है कि साल 2019-20 में 100 रुपए कमाने के लिए रेलवे ने 114 रुपए के आसपास खर्च किए हैं।

रेलवे के कर्ज की बात करें तो पहली बार 2019-20 में 25,730.65 करोड़ रुपए के ऋण बाकी हैं. ये वित्तीय वर्ष 2019-20 में 95,217 करोड़ रुपए पर अनुमानित था। आईएएनएस की रिपोर्ट में भारतीय रेल को हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी गई है।

कोयले के परिवहन में काफी निर्भरता- बता दें कि रेलवे की कोयले के परिवहन पर भारी निर्भरता थी जो 2019-20 के दौरान माल ढुलाई आय का लगभग 49 फीसदी थी. थोक वस्तुओं की परिवहन पद्धति में किए गए बदलाव ने माल ढुलाई आय को काफी प्रभावित किया था. वित्तीय वर्ष 2018-19 में 3,773.86 करोड़ रुपए की तुलना में 2019-20 में 1589.62 करोड़ रुपए का कारोबार रहा।

पोस्ट-बजट वेबिनार को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

बजट का वेबिनार करोड़ों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बजट का यह वेबिनार भारत के करोडों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित है। हम कौशल जैसे क्षेत्रों में जितना अव्वल होंगे हमें उतनी सफलता मिलेगी।

यह इवेंट 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की सीरीज का एक हिस्सा है। वेबिनार की इस सीरीज में केंद्र सरकार बजट 2023-24 में की गई अनाउंसमेंट पर विचारों और सुझावों को इकट्ठा कर रही है, ताकि उन सभी घोषणाओं पर सही दिशा में काम किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर कई सुझाव भी आए हैं। सभी स्टैक हॉल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाए इस पर चर्चा की। जो चर्चा संसद में होती है जो चर्चा सांसद करते हैं वैसे ही गहन विचार जनता की ओर से हमें मिला है।

उन्होंने आगे कहा कि शहरों में विभिन्न कारीगर हैं जो अपने कौशल से औजार का उपयोग कर अपना जीवन यापन करते हैं, पीएम विश्वकर्मा का फोकस ऐसे एक बिखरे हुए समुदाय की तरफ है। महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज कल्पना को देखें तो गांव के जीवन में खेती किसानी के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने की गिरिराज जी की परिक्रमा

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को देर रात सपत्नीक गिरिराज जी की परिक्रमा की। वे शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद ग्वालियर से मथुरा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे गोवर्धन पहुंचे। यहां उन्होंने होटल विंग्स्टन में कुछ देर विश्राम किया और इसके बाद वह राधाकुंड पहुंच गए। उनकी पत्नी साधना सिंह शुक्रवार शाम ही मथुरा पहुंच गई थीं। यहां पर यहां पर उन्होंने पत्नी साधना सिंह व भजन मंडली के अलावा कुछ अन्य लोगों के साथ गिरिराज जी की परिक्रमा की।

साधना सिंह ने किए राधारानी के दर्शन

शिवराज सिंह की पत्नी साधना सिंह ने शुक्रवार को बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए। सेवायत भगवान दास गोस्वामी ने माला व दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद साधना सिंह गोवर्धन पहुंचीं और दानघाटी मंदिर में गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना की।

मेघालय: सरकार में हुआ विभागों का बंटवारा, मुख्यमंत्री संभालेंगे 10 पोर्टफोलियो

शिलॉन्ग। बीती सात मार्च को मेघालय की कोनराड संगमा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हुआ था। अब सरकार में विभागों का बंटवारा हो गया है। खबर के अनुसार, मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के पास वित्त, वन एवं पर्यावरण और गृह विभाग (राजनीतिक) जैसे दस से ज्यादा विभागों की जिम्मेदारी रहेगी। वहीं उप मुख्यमंत्री प्रेस्टोन टिनसोंग के पास गृह विभाग (पुलिस), पब्लिक वर्क्स विभाग की जिम्मेदारी होगी। दूसरे उप मुख्यमंत्री एस धर कॉमर्स और इंडस्ट्रीज विभाग की कमान संभालेंगे।

मेघालय सरकार के कैबिनेट मंत्री एलेक्जेंडर लालू हेक को पशुपालन विभाग, मतस्य पालन, प्रकाशन और सचिव प्रबंधन विभाग सौंपे गए हैं। कैबिनेट मंत्री माजेल एमप्रीन लिंगदोह को कृषि विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनसंपर्क विभाग और कानून विभाग का कार्यभार सौंपा गया

है। कैबिनेट मंत्री पॉल लिंगदोह को कला एवं संस्कृति, सामाजिक कल्याण विभाग, टेक्सटाइल और पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट मंत्री अबु ताहेर मंडल को ऊर्जा विभाग, किरमेन शाइला को गृह विभाग (पासपोर्ट), राजस्व विभाग सौंपा गया है। मार्क्यूज एन. माराक को आवास विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग विभाग और जल संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।

शी जिनपिंग के वफादार ली कियांग बने चीन के प्रधानमंत्री

बीजिंग। चीन की रबर स्टैंप पार्लियामेंट ने शनिवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग के वफादार ली कियांग को वहां का प्रीमियर यानी प्रधानमंत्री बनाया है। चीन के पॉलिटिकल सिस्टम में ये नंबर दो की पॉजिशन है। कियांग के समर्थन में नेशनल पीपल्स कांग्रेस के 2936 मेंबर्स ने वोट किया। जबकि 3 ने उनके खिलाफ वोटिंग की। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन की जिस जीरो कोविड पॉलिसी की वजह से पूरी दुनिया में आलोचना हुई उसे तैयार और इंपलिमेंट करने वाले ली कियांग ही थे। बिजनेस इंसाइडर के मुताबिक कोविड पॉलिसी बूरी तरह फेल होने के बाद भी कियांग को जो प्रीमियर की पॉजिशन मिली है उसकी वजह सिर्फ शी जिनपिंग से उनके करीबी संबंध हैं। कुछ समय पहले तक वो चीन के टॉप 7 नेताओं में भी नहीं थे।

रूस का दावा- यूक्रेनी बायो-लैब को फंड दे रहा अमेरिका

मास्को। रूस का कहना है कि यूक्रेन में बने बायोकैमिकल लैब को अमेरिका फंडिंग दे रहा है। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद से रूस दावा करता रहा है कि यूक्रेन में बायोलॉजिकल और कैमिकल हथियार तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए वहां अमेरिका कई लैब संचालित कर रहा है। अमेरिकी सरकार ने भी इस बात को माना लेकिन कई आधिकारिक बयानों में कहा गया कि इन लैब को डि-एक्टिवेट कर दिया गया है। इस पर रिपोर्ट जारी करते हुए रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा- डि-एक्टिवेटशन की बात कहने के बावजूद कई अमेरिकी लैब अब भी यूक्रेन में संचालित हो रहे हैं।

सतीश कौशिक मामले में नया मोड़, फार्म हाउस से मिलीं गोलियां, व्यापारी की तलाश

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस को फिल्म अभिनेता व कॉमेडियन सतीश कौशिक के शव की शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट को मिल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगा है कि सतीश कौशिक की हार्टअटैक से मौत हुई है, हालांकि फाइनल रिपोर्ट आने में अभी समय लगेगा। पुलिस ने सतीश कौशिक का विसरा सुरक्षित रखवाया है। पुलिस ने खून के सैंपल लिए हैं। उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। ब्लड सैंपल से शराब आदि पीने का पता लगेगा। दक्षिण पश्चिम जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जांच में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। पार्टी में 15 से 20 लोग शामिल थे। दिल्ली पुलिस ने पार्टी में शामिल सभी मेहमानों की लिस्ट तैयार कर ली है और उनको बुलाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ इसलिए की जा रही है ताकि पता लग सके कि फार्म हाउस मैं हुआ क्या था।



धार के गणेश घाट में तीन वाहन टकराए, आग लगी, दो जिंदा जले

धार। धार जिले के गणपति घाट में शनिवार को सुबह एक ट्राला अनियंत्रित हो गया और उसने डिवाइडर तोड़कर चढ़ाई की ओर जा रहे दो वाहनों को टक्कर मार दी। इसमें कार से भरे कंटेनर सहित अन्य एक वाहन में भी आग लग गई। साथ ही ट्राले में भी भीषण आग लग गई। प्राथमिक रूप से इसमें 2 लोगों के जीवित जलने की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। अलबत्ता दो गंभीर घायलों को उपचार के लिए धामनोद भेजा गया है।

आग भीषण होने के कारण आसपास के क्षेत्र से भी दमकल बुलाए गए हैं, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। इधर इस हादसे में एक बस भी चपेट में आ गई थी। हालांकि बस में सवार यात्री सभी सुरक्षित रहे और बस वहां से रवाना भी हो गई। गणपति घाट

में हुए हादसे में एक बस यात्री का बनाया वीडियो वायरल हो रहा है।

धामनोद थाना प्रभारी राजुकमार यादव का कहना है कि ट्रॉला घाट से नीचे उतर रहा था। वहां ढलान अधिक होने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करके दूसरी लेन में पहुंच गया। इस दौरान दूसरी लेन पर चल रहे 2 ट्रक भी ट्रॉले से टकरा गए। आग बुझाने के लिए मांडू, महेश्वर, धरमपुरी और धामनोद से दमकल बुलानी पड़ी।

लैंड फॉर जॉब्स केस में तेजस्वी को सीबीआई का समन

पटना। नौकरी के बदले जमीन केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बाद सीबीआई भी एक्टिव हो गई है। जांच एजेंसी ने शनिवार को बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा और आज ऑफिस आने के लिए कहा। इससे पहले 4 फरवरी को भेजा गया था।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, तेजस्वी पत्नी की तबीयत खराब होने की वजह से सीबीआई के सामने पेश नहीं होंगे। उन्होंने वक्त मांगा है। ईडी की रेड के बाद उनकी पत्नी को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था। वे गर्भवती हैं। 12 घंटे की पूछताछ के बाद ब्लड प्रेशर की समस्या के बाद वे बेहोश हो गई थीं।

लालू यादव ने कहा संघ और भाजपा के विरुद्ध मेरी

वैचारिक लड़ाई रही है और रहेगी। मैंने कभी भी घुटने नहीं टेके हैं। मेरे परिवार और पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपकी राजनीति के सामने झुकेगा नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, %पिछले 14 घंटे से मोदी जी ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के घर पर श्वष्ठ बैठा रखी है। उनकी गर्भवती पत्नी और बहनों को सताया जा रहा है। लालू प्रसाद यादव बुजुर्ग हैं, बीमार हैं, तब भी मोदी सरकार ने उनके प्रति मानवता नहीं दिखाई। अब पानी सिर के ऊपर से चला गया है।

तेलंगाना सीएम की बेटी ईडी ऑफिस पहुंचीं

तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के कविता दिल्ली के ईडी दफ्तर पहुंच गई हैं। कुछ ही देर में उनसे दिल्ली शराब नीति केस में पूछताछ शुरू होगी। केसीआर को आशंका है कि ईडी कविता को गिरफ्तार कर सकती है इसलिए उन्होंने अपने बेटे केटीआर और टी हरीश राव को दिल्ली भेजा है। कविता ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जहां चुनाव होता है, वहां मोदी से पहले प्रवर्तन निदेशालय पहुंच जाती है। कविता ने कहा मैं जांच में पूरा सहयोग करूंगी। इससे पहले 12 दिसंबर 2022 को कविता से सीबीआई हैदराबाद में करीब 7 घंटे पूछताछ कर चुकी है।

जंगल में पुलिस और वनकर्मियों पर अतिक्रमणकारिया का हमला

वनकर्मी के हाथ, ग्रामीण के पीठ में घुसे तीर, 300 लोगों का जंगल पर कब्जा

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के नावरा रेंज के घाघरला जंगल में 3 दिन से 300 से अधिक अतिक्रमणकारी घुसे हुए हैं। इसे देखते हुए यहां भारी संख्या में फोर्स तैनात की गई है। शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे वन, पुलिसकर्मियों, एसएएफ की टीम अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने के लिए जंगल में घुसी, लेकिन दूसरी ओर से अतिक्रमणकारियों ने तीर, गोफन, पत्थरों से हमला कर दिया। जिसके बाद टीम वहां से जान बचाकर भागी। घाघरला के कुछ ग्रामीण भी टीम के साथ थे।

हमले में 12 लोग घायल हुए हैं, इसमें वनकर्मी और ग्रामीण शामिल हैं। छिंदवाड़ा का एक आरक्षक भी घायल हुआ है, लेकिन वह एसएएफ या पुलिस का है यह पता नहीं चल पाया है। एक ग्रामीण की पीठ और एक वनकर्मी के बाएं हाथ में तीर घुसा है। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीवल लाया गया है। ग्रामीण को बुरहानपुर रेफर किया गया है। अतिक्रमणकारियों ने वाहनों पर भी पथराव किया है, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मौके पर एसपी राहुल कुमार लोढ़ा भी पहुंचे। जंगल बचाने के लिए पुलिस टीम में शामिल ग्रामीणों ने आक्रोश जताया तो एसपी ने समझाइश दी कि हमने और फोर्स बुलाया है। आप निश्चिंत रहें, कार्रवाई की जाएगी। निमाड़ के 4 जिलों से भारी संख्या में वनकर्मियों की टीम घाघरला में तैनात की गई है। अब भी क्षेत्र में भारी संख्या में बल तैनात है। जिसमें करीब 60 एसएएफ जवान भी हैं।

देसी बम, बंदूकों से रात में की फायरिंग- खंडवा सीसीएफ आरपी राय ने बताया-पिछली बार अतिक्रमणकारियों को पुलिस, फॉरेस्ट के सहयोग से खदेड़ा गया था। 3 दिन से फिर वह 150 से 300 की संख्या में घाघरला के जंगल में आ रहे हैं। पता चला है कि रात में देसी बम, बंदूक से फायरिंग भी की गई है। इसकी प्रशासन को सूचना दी गई है। सर्किल से 200 से अधिक स्टाफ एकत्रित किए गए हैं।

वनकर्मी चिल्लाता रहा, तुम्हारे पास सेफ्टी है, फिर क्यों भाग रहे हो- घाघरला के जंगल से जान बचाकर लौट रही टीम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक वनकर्मी साथी वनकर्मियों और फोर्स को आवाज लगाकर कह रहा है कि तुम्हारे पास हथियार है। सेफ्टी है रुको। वापस आओ.. वापस आओ। अरे तुम्हारे पास सेफ्टी है। उनके पास पत्थर और तीर कमान हैं। हालांकि टीम वहां से वापस गांव लौट आई। घायलों में विजय चौरे वनरक्षक रेंज राजपुर, जिला बड़वानी, धनीलाल निंगवाल वनरक्षक खकनार, बुरहानपुर, कमलेश गंगारेकर वनरक्षक सेंधवा, दरबार सिंह बाम्हणे वनरक्षक, सेंधवा, धनपाल टेकाम आरक्षक, छिंदवाड़ा, प्रशांत लालवंदे वनरक्षक, बुरहानपुर, सलमान खान, गौरव सोनी सभी वनरक्षक बुरहानपुर व एक ग्रामीण।

ट्रक-बोलेरो की भिड़ंत में मासूम-महिला समेत दर्जन भर घायल

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत मंसूरी पेट्रोल पम्प के आगे बोलेरो जीप और ट्रक की भिड़ंत में बच्चे और महिलाओं समेत दर्जन भर लोगो के घायल हो गए है। यह घटना शनिवार की सुबह 5.45 नजे की बताई जा रही है। हादसे की जानकारी पर 108 की मदद से सभी घायलों को घटना स्थल से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया

गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो राजेन्द्रग्राम (पोड़की) से अमानगंज जा रही थी। जिसमे लगभग दर्जन भर लोग सवार थे। सुबह 5.45 बजे जैसे ही हाइवे स्थित मंसूरी पेट्रोल पम्प के आगे बोलेरो जीप पहुंची, वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहा अनियंत्रित ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रक घटना स्थल से रफू चक्कर हो गया। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो गाड़ी हाइवे मार्ग से उतरकर खेत में जा घुसी। बताया जाता है कि घायल परिवार के लोग बेटी के विवाह के बाद उन्हें लेने वर पक्ष के घर अमानगंज जा रहे थे। इसी दौरान मंसूरी पेट्रोल पंप के आगे हाइवे में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें सभी हादसे का शिकार हो गए।

जब से मोदी प्रधानमंत्री बने उन्होंने हमेशा पूंजीपतियों को पहुंचाया लाभः मिश्रा

ब्लॉक कांग्रेस ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

संत हिरदाराम नगर। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बैरागढ़ के समक्ष प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की व जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आए दिन अप्रत्यक्ष रुप से अदानी और अंबानी को बैंको के माध्यम से लाभ पहुंचा रहे है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि जब से मोदी इस देश में प्रधानमंत्री बने है तब से अब तक हमेशा उन्होंने पूंजीपतियों को ही लाभ पहुंचाया हैं और गरीब जनता का कोई ध्यान नहीं रखा है। प्रदेश महामंत्री अवनिश भागर्व ने कहा कि मोदी और अमित शाह का महंगाई से कोई सरोकार नहीं है। वे आए दिन बेतहाशा महंगाई बढाते जा रहे हैं। जिससे जनता त्रस्त हो गई है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की वित्त मंत्री सीतारमण को अपने पद पर रहने का कोई हक नहीं है उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। जिला कांग्रेस के प्रभारी सुरेन्द्र चैबे, माधू चांदवानी ने प्रदर्शन के दौरान बेरोजगारी व किसानों की हालात पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि मामा शिवराज सिंह चैहान की घोषणाए होती है पर उससे एक दो दिन पहले कोई न कोई टैक्स लगा देते है। जो कि जनता को भुगतना पड़ता है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, नरेश ज्ञानचंदानी, त्रिलोक दीपानी, आनंद सबधाणी, घनश्याम लालवानी, अनिल टेकचंदानी, जगदीश सांवले, अशोक मोतियानी, दिलीप ज्ञानचंदानी, राजू वर्मा, पूनम यादव, सोनू जैन, कोलार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज तिवारी, बबलू टेकचंदानी, तुलसी जोतवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सांसद राव उदय प्रताप सिंह को भेंट की नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता सितारा पुस्तक

भोपाल। अधिवक्ता माया मत कोरिया द्वारा सांसद राव उदय प्रताप सिंह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर अधिवक्ता माया मदकोरिया ने नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता सितारा भेंट की। सांसद राव उदय प्रताप सिंह ने पुस्तक नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता सितारा की प्रशंसा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय और अधिवक्ता माया मदकोरिया द्वारा उनके व्यक्तित्व पर लिखी गई यह किताब से दूसरों को प्रेरणा बनेगी।

एमपी नगर जोन 2 में जोया फुटवियर का शुभारंभ

भोपाल। एमपी नगर जोन 2 में ट्रॉफी हाउस के पास जोया फुटवियर का आज शुभारंभ किया गया जोया फुटवियर के युवा संचालक रितिक जोया ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से फुटवियर के व्यवसाय में है और लोगों द्वारा उनके फुटवियर को पसंद किए जाने पर उन्होंने जोया फुटवियर के नाम से यह नया शोरूम खुला है इसमें सभी वैराइटीज के शूज उपलब्ध है कस्टमर के लिए स्पेशल ऑफर भी उपलब्ध रहेगा एमपी नगर जोन 2 में इस ट्रॉफी हाउस के नीचे स्थित इस सॉफ्टवेयर पर शुरुआती ऑफर भी दिया जा रहा है

मिलावट से मुक्ति अभियान में कार्रवाई जारी, 11 नमूने लिए

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत कलेक्टर मोपाल अविनाश लवानिया के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा 10 मार्च 2023 को दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद विक्रेता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दुग्ध उत्पादों के कुल 11 नमूने एकत्र किये गये हैं। आज खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा करौंद स्थित क्वालिटी मिल्क से मावा एवं दूध, दुपाडिया स्थित हर्षिता डेयरी से दूध, बैरसिया स्थित शुभम रेस्टोरेंट से मावा बर्फी, गुप्ता एण्ड सन्स से घी, कोलार स्थित श्री कृष्णा डेयरी से दूध एवं दही, श्री कृष्णा डेयरी, ललितानगर से पनीर, श्री कृष्णा दूध डेयरी से दूध शास्त्रीनगर स्थित रिया दूध डेयरी से दूध और पनीर के नमूने लिये गये हैं । साथ ही पूर्व में मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ विक्रय के आरोप में खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध एक प्रकरण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत न्याय निर्णायक अधिकारी, भोपाल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश डॉ सुदाम खाड़े के द्वारा राज्य में दूध एवं दूध उत्पादों की सघनता से जांच के निर्देश जारी किये जाने के उपरांत जिले में संचालित दग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के व्यापार का सघन निरीक्षण प्रारंभ किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मौके पर दूध उत्पादों की प्रारंभिक जांच करने हेतु मैजिक बॉक्स तथा चलित खाद्य प्रयोगशाला का उपयोग किया जा रहा है आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लिये गये 11 नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाच परीक्षण प्रयोगशाला मोपाल प्रेषित किया जा रहा है। परीक्षण उपरांत खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी।

अग्रवाल समाज का होली मिलन कल

भोपाल। अग्रवाल स्नेह सम्मेलन एवं संस्कृतिक समिति द्वारा होली मिलन का आयोजन 12 मार्च रंगपंचमी पर शाम 6 बजे से किया जा रहा है। समिति के उपाध्यक्ष अनुपम अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज का यह होली मिलन आयोजन लगभग 100 वर्षो से निरंतर किया जा है, इस आयोजन में सांस्कतिक आयोजन,फूलों की होली, के अलावा मथुरा वृन्दावन के कलाकारों के द्वारा एवं 25 गोपियों के साथ श्री कृष्ण लड्डु मार होली,लट्ठ मार होली,फूलों,की होली खेलेंगे। इस आयोजन में 5000 से अधिक केवल अग्रबंधु उपस्थित होंगे। आने जाने के लिये बस की व्यवस्था पुराने कबाड़ खाने से गुफा मंदिर लालघाटी तक की गई है। भोजन व्यवस्था के लिए रंगपचमी से दो दिन पूर्व ही मथुरा,उज्जैन,एवम भोपाल के हलवाई, व्यज्जन बनाने में जुट गए है। आयोजन की प्रमुख जिम्मेदारी समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल (लाला) समन्वयक मधुर अग्रवाल, महामन्त्री रिंकेश सिंहल,उपाध्यक्ष अनुपम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल(टावील) सहित प्रमुख सदस्य निभा रहे है।

कांग्रेस के खिलाफ क्राइम ब्रांच में दर्ज कराई रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के खिलाफ भाजपा नेताओं के प्रति बगैर तथ्यों के आरोप लगाने की मामले में जिला भाजपा नेताओं ने शुक्रवार देर रात क्राइम ब्रांच पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया है। जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता ने लिखित शिकायत देकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों पर मामला दर्ज करने की मांग की है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि बगैर तथ्यों के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ट्विटर हैंडल से यह समाचार प्रसारित किया गया है कि गोवा में तथाकथित रूप से भाजपा नेताओं की होटल के अंदर लड़कियों द्वारा पिटाई की गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सत्य विहीन आरोप लगाकर भाजपा की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। क्राइम ब्रांच द्वारा इस मामले में शिकायत लेकर प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की गई ।

आज गढ़ाकोटा में गोपाल भार्गव का 21 हजार कन्याओं के विवाह का संकल्प होगा पूरा

भोपाल । लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव के विधानसभा क्षेत्र रहली का सु-प्रतिष्ठित 20वाँ कन्यादान समारोह 11 मार्च 2023 को गढ़ाकोटा में होने जा रहा है, जिसमें 2100 वर-वधु दाम्पत्य बंधन में बंधेंगे। मंत्री श्री भार्गव ने कहा है कि उनका 21 हजार कन्याओं का कन्यादान करने का संकल्प भी पूर्ण होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 22 अप्रैल 2015 में अपने पुत्र अभिषेक भार्गव (दीपू) एवं बड़ी पुत्री अवंतिका का विवाह भी कन्यादान कार्यक्रम में किया था। मंत्री भार्गव ने कहा कि लगातार कई वर्ष से रहली विधानसभा क्षेत्र में सामूहिक विवाह समारोह कर गरीब बेटियों के घर बसाने का पुनीत कार्य अनवरत हो रहा है, जो भविष्य में जारी रहेगा।

राजा भोज एयरपोर्ट पर वार्षिक मॉक ड्रिल हुई

भोपाल । राजा भोज हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच एवं हाइजीन की स्थिति से निपटने के लिए एक मॉक ड्रिल की गई ,जो कि वर्ष में एक बार आवश्यक रूप से को जाती है। इसमें यह देखा जाता है कि हाइजीन होने की स्थिति में एस ओ पी अनुसार किस प्रकार कार्रवाई की गई और प्रशासन तथा हवाई अड्डे उसमें कितना सक्षम रहा। मॉक ड्रिल में पुलिस अधिकारी एसीपी सचिन अतुलकर, डीसीपी विजय खत्री, एनसीसी कमांडो मेजर अमन सूद, ओम प्रकाश पांडे, मान सिंह, ए एस ओ राम अवस्थी, निर्देशक हवाई अड्डा कर्नल मनोज तिवारी व अन्य कई हवाई अड्डा एवं प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

सीए रामनिवास गुर्जर बने क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक के डायरेक्टर

भोपाल। गुर्जर समाज समिति भोपाल अध्यक्ष सीए रामनिवास गुर्जर को केंद्र सरकार के द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है । उनकी नियुक्ति पर सामाजिक बंधुओं ने उन्हें बधाई दी है। रामनिवास गुर्जर के डायरेक्टर बनने पर गुर्जर समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टापेज का आज होगा शुभारंभ

संत हिरदाराम नगर। संत नगर के रहवासियों के लिए अच्छी खबर है कि संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर 5 ट्रेनों को हाल्ट किया जा रहा है। पिछले लंबे समय से संत हिरदाराम नगर के रहवासी इन ट्रेनों के स्टापेज की मांग कर रहे थे। क्षेत्र वासियों की सहुलियत को देखते हुए भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के प्रयासों से ट्रेनों को शनिवार से हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर रोका जाएगा। जयपुर कोयंबटूर एक्सप्रेस, भोपाल इंदौर एक्सप्रेस, भोपाल दाहोद एक्सप्रेस, पंचवेली एक्सप्रेस, मदुरै बीकानेर एक्सप्रेस का अब संत हिरदाराम नगर स्टापेज होगा। इन ट्रेनों का स्टापेज का शुभारंभ भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार अवध आनंद की सहायता के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ ने भेंट की एक लाख की सहायता राशि

ग्वालियर। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी अवध आनंद को उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि उनके ग्वालियर स्थित आवास पर जाकर भेंट की और उन्हें होली की संघ के सभी साथियों ने पुष्पहार एवं शाल उढ़ाकर और श्रीफल देकर बधाइयां दीं।

संगठन के प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया नेजारी संगठन की विज्ञप्ति में ग्वालियर प्रेस क्लब द्वारा साथी अवध आनंद को बीस हजार रुपए देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्वालियर प्रेस क्लब के सचिव साथी सुरेश शर्मा के आव्हान पर ही हमारे संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने यह विनम्र प्रयास किया है। बता दें कि ग्वालियर यूनिवार्ता के वरिष्ठ पत्रकार अवध आनंद मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के वरिष्ठ सदस्य हैं और दो बार प्रदेश के निर्वाचन अधिकारी भी रह चुके हैं उनका स्वास्थ्य खराब होने की खबर मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया को लगी तो उन्होंने मध्य प्रदेश के सभी पत्रकार साथियों से आह्वान कर संगठन की ओर से उन्हें। 100000 सहायता राशि भेंट करने की पहल की आज उनके घर जाकर प्रदेश के पदाधिकारियों और संभागीय पदाधिकारियों ने उन्हें यह सौगात भेंट की। भेंट स्वरूप अवध के निवास पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के वरिष्ठ साथियों में संगठन के अध्यक्ष मंडल प्रदेश संयोजक साथी राजकुमार दुबे,ग्वालियर चंबल संभाग के अध्यक्ष,डॉ.सर्वेस पुरोहित सुरेश शर्मा, एवं ग्वालियर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा समेत अन्य कई अन्य उपस्थित रहे ।

फिनो पेमेंट्स बैंक ने विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठाने मप्र में शुरू किया विस्तार

भोपाल। फिनो पेमेंट्स बैंक (''फिनो बैंक'', ''बैंक'') ग्राहकों के साथ संपर्क का विस्तार करते हुए राज्य में अपनी पहुँच बढ़ा रहा है। अपनी इसी विस्तार योजना के अंतर्गत बैंक ने भोपाल में यूआईडीएआई अनुमोदित आधार केंद्र के साथ अपनी पहली शाखा खोली है। भोपाल के औरा मॉल के पास फिनो बैंक की यह नई शाखा और आधार केंद्र हैं । इनका उद्घाटन श्री शैलेष पांडे, चीफ सेल्स ऑफिसर; श्री हिमांशु मिश्रा, ईवीपी (पश्चिम एवं दक्षिण), और श्री विष्णु सिंह, ज़ोनल हेड (मध्य प्रदेश) ने किया।राज्य के दो महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्रों, भोपाल और इंदौर में अपनी पहुँच बढ़ाते हुए फिनो बैंक अन्य 50 जिलों में नए मर्चेंट प्वाईंट्स के साथ पूरे राज्य में अपना विस्तार कर रहा है। पीएमजेडीवाई खातों और अर्थव्यवस्था के डिजिटलाईज़ेशन के कारण बैंकिंग सेवाओं के बढ़ते उपयोग के साथ बैंक राज्य में विकसित होते हुए अवसरों का लाभ लेने की योजना बना रहा है।इस नई शाखा का उद्घाटन करते हुए श्री शैलेष पांडे, चीफ सेल्स ऑफिसर, फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''जनसमूह के डिजिटल बैंक के रूप में हम शहरी और ग्रामीण इलाकों में विभिन्न सेगमेंट के ग्राहकों की बैंकिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत स्थिति में हैं। मध्य प्रदेश में 70,000 से ज्यादा मर्चेंट प्वाईंट तत्काल और सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए आधार-बेस्ड समाधानों का उपयोग करते हैं। हम इस राज्य में 54,903 गाँवों में अपना विस्तार करने और ग्राहकों को बचत, भुगतान, निवेश एवं अन्य उत्पादों व सेवाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रयासरत हैं। हमारे प्वाईंट विभिन्न डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) फंड्स के लाभार्थियों को एक सरल सी आधार सत्यापन प्रक्रिया द्वारा पैसे प्राप्त करने में मदद करते हैं। शाखा में आधार केंद्र के महत्व के बारे में श्री हिमांशु मिश्रा, ईवीपी (पश्चिम एवं दक्षिण), फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''आधार आज ईकेवाईसी प्रक्रिया द्वारा नए खाते खोलने से लेकर सत्यापन द्वारा विनिमय संभव बनाने और डीबीटी भुगतान प्राप्त करने जैसे अनेक कामों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बन गया है। म्यूचल फंड, बीमा, क्रेडिट आदि वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने के लिए भी आधार जरूरी है। हम एक यूआईडीएआई रजिस्टर्ड एजेंसी हैं, और हमारे केंद्र में लोग नया आधार नंबर के लिए एवं अपडेशन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। शाखा में सेवाओं के बारे में श्री विष्णु सिंह, ज़ोनल हेड (मध्य प्रदेश) ने कहा, ''भोपाल में प्रवासी कार्यबल और टेक्नॉलॉजी जानने वाले मिलेनियल्स को हमारी शाखा द्वारा बैंकिंग करना आसान हो जाएगा।

टीबी उन्मूलन में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका:डॉ. चौधरी

भोपाल। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार सभी देशों ने वर्ष 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे पूरा करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यह आवश्यक है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु मीडिया की एक प्रमुख भूमिका है। इस तारतम्य मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेशके द्वारा 2025 तक टीबी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मीडिया को इस जन आंदोलन में शामिल करने हेतु 10 मार्च को मीडिया सहभागिता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वीडियो संदेश शामिल किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात प्रियंका दास एम डी एन एच एमके द्वारा मंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे डॉ वर्षा राय राज्य क्षय अधिकारी ने प्रियंका दास एमडी एनएचएम एवं डॉ सचदेवा का स्वागत किया। मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने इस अवसर पर सभी को प्रोत्साहित करते हुए जन भागीदारी पर ज्यादा केंद्रित होकर टीबी को खत्म करने हेतु राज्य की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि यह आवश्यक है कि टी बी उन्मूलन हेतु समाज के सभी वर्गों को साथ मे आना होगा इसमे मीडिया भी अहम भूमिका निभा रहा है।

यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने शमन शुल्क में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी

आम जनता को राहत, मनमर्जी से वाहन चलाने वालों पर कसेगा शिकंजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

परिवहन विभाग के शमन शुल्क के प्रस्ताव पर कैबिनेट की स्वीकृति के बाद अब गजट नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। प्रदेश की सड़कों पर अपनी मनमर्जी से गलत तरीकेसे वाहन चलाने वालों पर अब शिकंजा कसेगा। उन पर जुर्माना लगाने के साथ दण्ड के प्रावधान को कड़ा किया गया है। इस नोटिफिकेशन के बाद मध्यप्रदेश मोटरयान अधिनियम, 1988 (संशोधन 2019) के अनुरूप मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित शमन शुल्क की दरों में संशोधन लागू हो गया है। 6 मार्च को यह नोटिफिकेशन जारी हुआ है। हालांकि इस नए प्रावधान में आम जनता पर कोई भारी बोझ नहीं लादा गया है पर राज्य में अनियंत्रित यातायात से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी प्रावधान किये गए है ताकि उन पर कमी लाई जा सके।

अब प्रदेश में आपताकालीन एंबुलेंस के रास्ते में बाधा बनने के दोषी पाये गए तो 10 हजार रुपए जुर्माना देना होगा। वहीं, बिना हेलमेट के वाहन चलाने पकडाने पर अब 300 रुपए जुर्माना भरना होगा। वहीं, कुछ धाराओं में वर्तमान जुर्माने की दरों में कमी भी गई है। इसमें अतिरिक्त सवारी ढोने पर 1500 रुपए की जगह अब 200 रुपए प्रति सवारी किया गया है। इसी प्रकार ठेका गाड़ी द्वारा सवारी को ले जाने से इंकार करने पर 500 रुपए का जुर्माना था, जिसे कम करके दो पहिया/तीन पहिया के लिए 50 रुपए एवं अन्य वाहनों में 500 रुपए किया गया है। वहीं, बिना टिकट सवारी ढोने पर पूर्व में 1 हजार की दर थी, जिसे कम करके 500 रुपए निर्धारित की गई है। इसमें सीट बेल्ट, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, ओव्हर स्पीड में दो पहिया और तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन के लिए जुर्माना राशि समान रखी गई है।

ओव्हर लोडिंग पर 10 हजार जुर्माना: वहीं, परिवहन विभाग ने माल वाहकों द्वारा ओव्हर लोडिंग कर सड़कों को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में जुर्माना 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया गया है। वहीं, दुर्घटनाओं से बचाने के लिए निर्धारित आकार से ज्यादा भरने पर दरों में वृद्धि की गयी हैं। इसी प्रकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रथम अपराध पर 1 हजार रुपए तथा परिवहन वाहनों पर पांच हजार रुपए की दर तथा बाद में 10 हजार रुपए रुपए जुर्माना भरना पड़ेगा।

मंत्रिपरिषद समिति का हुआ था गठन: प्रदेश सरकार ने मोटरयान अधिनियम, 1988 (संशोधन 2019) के अनुरूप मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित शमन शुल्क की दरों में संशोधन पर विचार करने के लिए मंत्रि-परिषद उप समिति का गठन किया गया था। इस कमेटी की 6 दिसंबर 2022 को बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, परिवहन विभग के तत्कालीन प्रभारी पीएस राघवेंद्र सिंह, परिवहन आयुक्त एसके झा शामिल हुए थे। इस समिति ने जुर्माना राशि को लेकर अपनी अनुशंसाये की थी, जिसके प्रस्ताव को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 24 जनवरी 2023 को हुई कैबिनेट बैठक में स्वीकृत कर

शिवपुरी में कार्यकर्ता सम्मेलन को केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया संबोधित

ग्वालियर संभाग में जीत का नया रिकॉर्ड बनायेगी भाजपा: सिंधिया

शिवपुरी। देश में कई राजनैतिक दल है लेकिन उसमें भारतीय जनता पार्टी की एक अलग पहचान है। यह पहचान किसी के कारण है तो वह हमारे विचार और हमारे कार्यकर्ताओं के कारण। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बडी ताकत उसके कार्यकर्ता है। कार्यकर्ताओं के ताकत के बल पर ही आज नागालैण्ड और त्रिपुरा जैसे राज्यों में भाजपा की विराट विजय हुई है। आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शिवपुरी के रंगमहल में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में प्रदेश शासन की मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, विजय शाह, महेन्द्र सिंह सिसौदिया, सांसद कृष्णपालसिंह यादव, संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रदेश मंत्री केशवसिंह भदौरिया मंचासीन थे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास को नया आयाम दे रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में हमें सड़क नसीब नहीं होती थी, सिर्फ गड्ढे मिलते थे। आज 18 साल में तीन लाख किलोमीटर अधिक सड़कें बनी है। अगर यह परिवर्तन आया है तो भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में मोदी जी और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के कामों को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगे बढाने की आवश्यकता है। हम सबका यह दायित्व बनता है कि जो शीर्ष नेतृत्व ने योजना का क्रियान्वयन किया है, उस योजना का लाभ हम एक-एक लाभार्थी तक पहुंचाने में अपनी जिम्मेदारी तय करें। सिंधिया ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर, वार्ड वार सहित लाभार्थी सम्मेलन आयोजित करें और लाभार्थी भी भाजपा का एक अभिन्न अंग बने। इस दिशा में कार्यकर्ता बनाकर काम करें। सिंधिया ने कहा कि इस बार भाजपा ग्वालियर संभाग में जीत का नया रिकॉर्ड बनायेगी।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जितनी अच्छी तरह से जनसेवा का काम कर रही है। उतनी अच्छी सरकार कांग्रेस ने कभी नहीं चलाई। 14 महीने के लिए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई थी, तो इन्होंने संबल योजना, बेटियों के लिए साइकिल योजना, कन्यादान योजना, लैपटाप सहित भाजपा सरकार द्धारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी सभी योजनाओं को बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार महा झूठी सरकार थी। सत्ता में रहते हुए उसने सिर्फ समाज के हर वर्ग से झूठ बोलने का काम किया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का मान, सम्मान और प्रतिष्ठा बढी है। दुनिया में चारों ओर सिर्फ भारत का नाम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की दिग्विजय सरकार में 21 हजार करोड़ रूपए का बजट होता था। आज भाजपा 3 लाख 14 हजार करोड़ रूपए का बजट लेकर आई है। कांग्रेस के शासन काल में प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपए हुआ करती थी। आज भाजपा सरकार में यह बढ़कर 1 लाख 42 हजार रूपए हो गई है।

प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन कार्यकर्ता सम्मेलन ही नहीं शक्ति सम्मेलन है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब त्रिपुरा जैसे राज्य में भाजपा को 1 प्रतिशत वोट मिलता था। आज उसी त्रिपुरा में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार है। नागालैंड के अंदर जहां अलगाववादी व आतंकियों का प्रभाव होता था, वहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बलिदान देकर विचार को मजबूत किया। आज उस नागालैंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ के समय लोग हमारे कार्यकर्ताओं को गिनते तक नहीं थे। कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की और जो पार्टी 20 लोगों की होती थी, आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी की गली से लेकर दिल्ली तक चाहे नगर सरकार हो केंद्र सरकार। हर जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

भोपाल स्थित देश के पहले इण्डोर रेंज में होगी आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग चेम्पियनशिप

भोपाल। मध्यप्रदेश में हाल ही में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में हिन्दुस्तान का दिल धड़काया था। अब मध्यप्रदेश पुन: तैयार है अंतर्राष्ट्रीय चेम्पियनशिप की मेजबानी के लिये। भोपाल के बिसनखेड़ी स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 20 से 27 मार्च तक आईएसएसएफ वर्ल्ड कप रायफल/पिस्टल शूटिंग चेम्पियनशिप देश की पहली 83 मी.×27 मी. वातानुकूलित इण्डोर रेंज में होगी। इसमें 33 देशों के 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफिशियल्स शामिल होंगे। आईएसएसएफ वर्ल्ड कप भारतीय राष्ट्रीय रायफल महासंघ नई दिल्ली के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है। साथ ही तकनीकी सहयोग के लिये एसआईयूएस स्विटजरलैण्ड के 4 एक्सपर्ट भी भोपाल आयेंगे। चेम्पियनशिप के लिये मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में निर्धारित मानकों के अनुसार फायनल रेंज का निर्माण किया गया है, जिसमें रायफल और पिस्टल के सभी इवेंट के फायनल होंगे। 10 मीटर, 25 मीटर एवं 50 मीटर के फायनल रेंज में अत्याधुनिक स्कोर बोर्ड और टार्गेट स्थापित किये गये हैं। फायनल रेंज में लगभग 375 दर्शकों की बैठक व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी बिशनखेड़ी में 37 एकड़ क्षेत्रफल में बनी है, जो देश की सबसे अत्याधुनिक शूटिंग अकादमी है। अकादमी परिसर में छात्रावास भी बनाया गया है, जिसमें लगभग 240 खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था है। छात्रावास में लायब्रेरी, मिनी जिम, डायनिंग एरिया, मेडिटेशन हॉल, एन्टरटेनमेंट जोन आदि की भी व्यवस्था है।

दिव्य कला मेला 12 से भोपाल हाट में, दिव्यांगजन के हुनर से परिचित होंगे लोग

भोपाल। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 12 से 21 मार्च तक भोपाल हाट में दिव्य कला मेला लगेगा। मेले का शुभारंभ 12 मार्च को शाम 5 बजे होगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन के उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नेशनल हैंडिकेप्ड फायनेंस एण्ड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएचएफडीसी) के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मेले लगाये जाते हैं। मेलों में बड़ी संख्या में लोग दिव्यांगजनों की कला उत्पाद को सराहने के साथ उनके उत्पाद खरीदते भी हैं। मंत्री पटेल ने बताया कि मेलों और प्रदर्शनियों में स्टॉल नि:शुल्क आवंटित किये जाते हैं। दिव्यांगजन को उद्यमी और शिल्पकार के रूप में विकसित करने का यह एक बेहतर अवसर है। एनएचएफडीसी इन्हें ऋण के रूप में वित्तीय सहायता भी देता है। दिव्य कला मेला दिसम्बर 2022 में नई दिल्ली और 16 से 25 फरवरी तक मुम्बई के एमएमआरडी ग्राउंड में किया जा चुका है। इनमें न केवल लोगों की भीड़ उमडी दिव्यांगजनों की कला और उत्पादों को पहचान मिलने के साथ आय में बढ़ोत्तरी भी हुई।

मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों के विरुद्ध विशेष अभियान, जांच के लिए 4152 नमूने लिए

भोपाल। नकली-मिलावटी दूध और उससे बने मावा, पनीर आदि दुग्ध उत्पादों की रोकथाम के लिए 2 मार्च से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दूध के शुद्धिकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि अभियान में दूध और दूध से बने उत्पादों के 4152 नमूने लिए गए हैं। विशेष अभियान में नकली-मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों का निर्माण, संग्रह और विक्रय करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा रही है। अब तक 2 संस्थान के लायसेंस निलंबित और 4 के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण दर्ज करवाये गये हैं। मिलावटी दूध और मिलावटी दूध से बनी 43 लाख 86 हजार रूपये की खाद्य सामग्री जप्त की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला और मैजिक बॉक्स से आमजन द्वारा दैनिक उपयोग में लिये जा रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों की जाँच भी मौके पर की जा रही है। साथ ही जिलों में संचालित दूध के कलेक्शन सेंटर, चिलिंग प्लांट, दूध का परिवहन करने वाले वाहन सहित मावा, पनीर, घी के खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की सघन जाँच भी अभियान में की जा रही है।

अप्रैल-मई में अधिक बिजली की मांग को देखकर करें तैयारी: प्रमुख सचिव

प्रदेश 13,800 मेगावाट बिजली मांग की आपूर्ति करने तैयार: दुबे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर में आगामी अप्रैल-मई माह में प्रदेश की विद्युत मांग एवं आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अप्रैल-मई माह की गर्मी में बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ने की संभावना है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए तैयारी करें। प्रमुख सचिव श्री दुबे ने कहा कि अप्रैल एवं मई माह में मध्यप्रदेश में विद्युत की मांग 13 हजार 800 मेगावाट तक पहुँचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशानुसार घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे और कृषि उपभोक्ताओं को 10 घंटे बिजली देना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव ने ताप, जल विद्युत उत्पादन के साथ गैर पारम्परिक विद्युत उत्पादन की स्थि?ति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि अप्रैल एवं मई माह में ताप विद्युत के साथ जल एवं गैर पारम्परिक विद्युत उत्पादन का समुचित उपयोग किया जाए। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत इकाइयों से भरपूर विद्युत उत्पादन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ताप विद्युत इकाइयों में कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

दुबे ने ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली को तकनीकी रूप से दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। प्रदेश के किसी भी हिस्से में वोल्टेज की समस्या न रहे और सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ग्रिड अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनि?यों को निर्देशित किया गया कि खराब ट्रांसफार्मर त्वरित रूप से बदले जाएँ और इसके लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का प्रबंधन मैदानी इलाके में किया जाए। प्रमुख सचिव श्री दुबे ने कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि विद्युत क्षेत्र के लिए सर्वोपरि है। उनकी किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री रघुराज राजेन्द्रन, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी, ऊर्जा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री नीरज अग्रवाल सहित विद्युत कंपनियों के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव, पूर्व अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल एवं पूर्व अध्यक्ष मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग श्री राकेश साहनी को श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौनधारण किया गया।

हर समय किसानों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार: डॉ. यादव

भोपाल। उच्च शिक्षा एवं राजगढ़ जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस जिले में हुई ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान कि अनुविभागीय कार्यालय सारंगपुर में समीक्षा की। सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित भी उपस्थित रहे। कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में जीरापुर, खिलचीपुर, माचलपुर, छापीहेडा और खुजनेर क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसल को नुकसान हुआ है। प्रभारी मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिले के सभी प्रभावित किसानों के खेतों का सर्वे कराया जाए। जो फसलें फसल बीमा योजना में शामिल नहीं है, उन्हें आर.बी.सी. 6-4 में राहत राशि उपलब्ध कराई जाये। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है और संकट की इस घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है। किसानों कि फसलों में हुए नुकसान का आंकलन कर हरसंभव राहत दी जायेगी। उन्होंने विकास यात्रा, लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा की।

पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृष्ण लीला का भी आयोजन किया गया।

एम्स में विश्व किडनी दिवस मनाकर किया जागरूक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हर साल की तरह एम्स, भोपाल के नेफ्रोलॉजी विभाग द्वारा 9 मार्च 2023 को एम्स, भोपाल के निदेशक और सीईओ, डॉ (प्रो) अजय सिंह के मार्गदर्शन में विश्व किडनी दिवस 2023 मनाया गया। किडनी की देखभाल के बारे में डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और आम लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए हर साल विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम थी किडनी हेल्थ फॉर ऑल-प्रिपरिंग फॉर द अनएक्सपेक्टेड, सपोर्टिंग द वल्नरेबल!

भूकंप, बाढ़, युद्ध जैसी आपदाओं की किसी भी अप्रत्याशित स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए समाज के हर वर्ग के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय नेफ्रोलॉजी समुदाय द्वारा विषय चुना गया था, जो प्रभावित लोगों के बीच गुर्दे की समस्या पैदा कर सकता है। जो लोग मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर जैसे गैर-संचारी रोग से ग्रसित हैं, जब उनकी नियमित देखभाल ख़तरे में पड़ जाती है, उनमें गुर्दे के के रोग होने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है ।कार्यक्रम के दौरान छात्रों, नर्सों, डॉक्टरों आदि ने सक्रिय रूप से उत्साह के साथ भाग लिया। व्याख्यान की एक श्रृंखला द्वारा प्रतिभागियों को आपदा नेफ्रोलॉजी, भूकंप, एकेआई, तूफान की तैयारी से परिचित कराया। कार्यक्रम में डीन डॉ राजेश मलिक भी मौजूद रहे।

नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध

एम्स, भोपाल के अस्पताल परिसर के महिला शौचालयों में विभिन्न स्थानों पर महिला रोगियों और उनके साथ आने वाली महिला परिचारकों के लिए सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीनें लगाई गई हैं । इन मशीनों की सहायता से कोई भी महिला या लड़की एक लाल बटन दबाकर नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन तुरंत प्राप्त कर सकती है । महिलाओं की सुविधा के लिए ये नैपकिन डिस्पेंसर अस्पताल के महिला शौचालयों में लगाए गए हैं, ताकि वे नि:संकोच सैनिटरी नैपकिन प्राप्त कर सकें । अस्पताल के अतिरिक्त संस्थान के नर्सिंग कॉलेज, नर्सिंग छात्रावास, करुणाधाम, पीजी ट्रांजिट छात्रावास, यूजी छात्रावास, ऑर्थो वार्ड-ढ्ढढ्ढ और एमबीबीएस छात्रावास आदि में भी ये मशीनें लगाई गई हैं । इस तरह अलग-अलग स्थानों पर कुल 50 सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीनें लगाई गई हैं ।

आंखों की जटिल बीमारियों की एम्स में नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा

एम्स भोपाल के नेत्र रोग विभाग में अब जटिल नेत्र रोगों के नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा आम लोगों के लिए उपलब्ध कराई गई है । पहले लोगों को जिन ऑपरेशनों के लिए महंगे प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते थे , वहीं अब इस प्रकार के सारे ऑपरेशन बड़ी ही आसानी से और वो भी नि:शुल्क एम्स भोपाल में हो रहे हैं।

एडवांस विटरेक्टोमी मशीन: इस मशीन के द्वारा पर्दे में हुए नुक़सान एवं इसके बचाव के लिए उपचार किया जाता है । इस मशीन के द्वारा आँख के पर्दे की जटिल बीमारियां जैसे पर्दे का खिसकना, पर्दे में छेद, पर्दे में इन्फेक्शन आदि का ऑपरेशन किया जाता है । यदि किसी को पर्दे की समस्या हो जाए और उसका सही समय पर उपचार करवाया जाए तो भविष्य में होने वाली तकलीफ़ से बचा जा सकता है। एम्स में यह सर्जरी निशुल्क की जाती है।

एडवांस फैको मशीन: उम्र बढ़ने के साथ आँखों में मोतियाबिंद बनना आमतौर पर सामान्य सी प्रक्रिया है। मोतियाबिंद दैनिक जीवन की गतिविधियों को प्रभावित करता है। फैको सर्जरी में, एक मोतियाबिंद को छोटे टुकड़ों में तोड़ दिया जाता है और आँख से निकाल दिया जाता है।

आंख में एक छोटा चीरा लगाया जाता है और फैको सुई के माध्यम से प्रवेश किया जाता है। चीरे का आकर केवल 2.5 से 2.8 द्वद्व के बीच होता है। यह एक विशेष फैको उपकरण की मदद से अल्ट्रासाउण्ड का उपयोग करके किया जाता है। इसके द्वारा आंखों की रोशनी बेहतर हो जाती है। कई बार व्यक्ति को चश्मे की भी ज़रूरत नहीं पड़ती।

सम्पादकीय

बिखरते ख्वाब, दरकते सपने

मध्यप्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में बेमौसम तेज बारिश और ओलों ने तबाही मचा दी। खड़ी फसलें बिछ गईं। मौसम विभाग कह रहा है कि 3 मार्च से एक्टिव बारिश, ओले और तेज आंधी का सिस्टम अब खत्म हो गया है। इससे अगले तीन दिन तेज गर्मी वाले रहेंगे। कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री के पार पहुंचेगा, जबकि रात में तापमान 18 डिग्री को छू सकता है। परंतु कल यानि 12 मार्च से मध्यप्रदेश व कुछ और हिस्सों में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो जाएगा, जिसका असर 14 मार्च से शुरू होगा। इससे 15 से 18 मार्च के बीच तेज बारिश, आंधी और ओले भी गिरेंगे।

समय और मौसम का कोई भरोसा नहीं होता। समय भी अनिश्चतता से घिरा रहता है और मौसम भी। हिंदुस्तान के हर कोने में मौसम तेज़ी से बदल रहा है। पहले इसका समय तय होता था। इतने दिन ठण्ड पड़ेगी, इतने दिन बारिश और इतने ही दिन गर्मी। लेकिन अब चूँकि मनुष्य ने अपनी नीतियाँ छोड़ दी हैं, इसलिए पृथ्वी, आकाश, जल और इनसे जुड़ा मौसम भी अपना स्वभाव बदलने को विवश है। ठण्ड जाने को है। गर्मी आने को है और ऐसे में कटने को तैयार खड़ी फसलों पर बारिश आ पड़ी। ओले भी गिर गए। किसान तड़प रहा है। फसलें खेतों में औंधी होकर किसानों का मुँह ताक रही हैं।

ख़ैर, ऐसा तो होता रहता है। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का दौर चल रहा है। लेकिन केरल के हाल देशभर से अलग हैं। और बुरे भी। वहाँ अभी तक बारिश से लोग परेशान थे। बारिश ख़त्म हुए ज़्यादा दिन हुए नहीं थे कि ग़ज़ब की गर्मी आ गई। गर्मी भी ऐसी कि लू के थपेड़े पड़ रहे हैं। सरकार द्वारा हीट स्ट्रोक्स के अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। दरअसल अब हीट इंडेक्स जैसी एक नई तकनीक आई है। इसके ज़रिए मौसम विभाग यह पता लगा लेता है कि गर्मी जितनी डिग्री बताई जा रही है, वास्तव में वह एहसास कितनी डिग्री का दे रही है। इसके अनुसार केरल में तापमान तो 32 डिग्री ही है लेकिन वो एहसास करवा रहा है 54 डिग्री का। मतलब भर गर्मी में जैसे जैसलमेर तपता है, उतना अभी से केरल तप रहा है।

और काटो पेड, नदी-नालों को पूर दो, मिट्टी और सीमेंट से। हरे-भरे जंगल काट कर कांक्रीट के जंगल तान दो। हरियाली मिटाओ, कॉलोनियाँ काट दो और करोड़ों- अरबों कमाओ। कौन रोक रहा है? लेकिन आने वाली पीढ़ी जब कोई सवाल करे तो अपने होंठ सी लेना। क्योंकि हमारे पास कोई जवाब तो होगा नहीं। हम बताएंगे कि हमारे लालच ने पूरी दुनिया की जलवायु बदल दी? हम बताएंगे कि अपने लालच में विकास के नाम पर हमने प्रदूषण के पहाड़ तान दिए?

एक जमाना था जब हममें ज़्यादा लालच नहीं था। चाँद सर उठाता था तो हल्की सुस्त- सी हवा, शाख़- शाख़ जाकर नन्हे पौधों को जगाती थी। फसलों के दाने-दाने में दूध भरने लगता था। नीले- काले आसमान पर सितारे जब चमकते थे, दौड़ने लगते थे सारे दरिया समन्दरों की तरफ़। अन्धे आँखों में भी रोशनी लौट आती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब तो हवाएँ भी गरम तलवारों के झोंके लेकर आती हैं। अब इन हवाओं के हाथ भी गुस्ताख़ हो चले हैं। काट डालते हैं नन्हें- नन्हे सपनों को। नोंच लेते हैं आँचल। सपने बिखरने से डरते रहते हैं।

तो अब हम अपने सपनों को बदल लें, हारर फिल्मों की तरह कर लें, अपने सपनों और ख्वाबों को? जिसमें हर चीज डरावनी ही हो। उन पंक्तियों को पुस्तकों का हिस्सा ही बनाकर छोड़ दें, जिनमें लिखा हो-किसान अपनी फसलों को देखकर ऐसे प्रसन्न होता है, जैसे मां अपने बच्चे को किलकारी मारते हुए देखती है। फसल को किसान बच्चों की तरह ही तो पालता है। लेकिन आज उसके नाम पर भले ही राजनीति होती है, लेकिन उसका कष्ट कोई महसूस नहीं करता। आज जलवायु परिवर्तन को लेकर विश्व स्तर के सम्मेलन भी हो रहे हैं, खूब बातें होती हैं। भाषण होते हैं। बयान आते हैं। लेकिन यथार्थ यह है कि एक-दूसरे पर दोषारोपण करके इतिश्री कर ली जाती है। हम खुद सुधरने को तैयार नहीं हैं। अपने गिरेबान में नहीं देखते।

हिमालय की तराई में ग्लेशियर पिघलने की गति बढ़ रही है...। उत्तराखंड में मकान दरक रहे हैं..। जमीनें खिसक रही हैं..। खबरें आती हैं। कुछ दिन में मामला ठंडा हो जाता है। या कर दिया जाता है। लेकिन जिन कारणों से यह सब हो रहा है, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता। पहाड़ केवल हिमालय क्षेत्र में नहीं, मध्यप्रदेश जैसे राज्य में भी बर्बाद किए जा रहे हैं। सीना केवल गंगा मैया का नहीं, मां रेवा का भी छलनी हो रहा है। नदियों को हम मां मानते रहे हैं, लेकिन उनकी दुर्दशा पर आज हंस रहे हैं। वो हमें बेजान लगती हैं। पर हैं नहीं। हम प्रकृति को बेजान मानकर अपना गुलाम समझने लगे हैं, यही हमारी सबसे बड़ी भूल है। आज भी समय है, विकास और लालच कम कर दें। भुगतना तो हम सबको ही पड़ रहा है और पड़ेगा, आज नहीं कल।

मौसम और बयार में फैला भ्रष्टाचार, किधर खोजें भ्रष्ट और किधर ईमानदार?

सरयूसुत मिश्रा

आजकल तो भ्रष्टाचार के इतने मामले सामने आ रहे हैं कि लग रहा है कि भ्रष्टाचार ही पहला प्यार बन गया है. अगर एक दिन की ख़बरों पर ही नजर डाली जाए तो भ्रष्टाचार की खबरों से दिमाग चकराए बिना नहीं रह सकता. आज जॉब के बदले जमीन घोटाले में देश में 20 स्थानों पर ईडी द्वारा छापे डाले गए हैं. दिल्ली के शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया की ईडी ने गिरफ्तारी कर ली है. भाजपा भ्रष्टाचार पर आप के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है. तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी ईडी में शराब घोटाले की पूछताछ के लिए दिल्ली पहुंच गई हैं. विपक्षी नेताओं द्वारा जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर बीजेपी इन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने के आक्षेप लगा रही है।

मध्यप्रदेश के बड़े समाचार पत्र में बड़ी खबर प्रकाशित हुई है कि कैसे भ्रष्टाचार में पकड़े गए अधिकारियों को बाद में पदोन्नति मिल गई हैं. नए प्रभार और जिले मिल गए हैं. रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है. इसके विपरीत दोषी अधिकारियों को तरक्की और संरक्षण मिल गया है।

घोटाले पर घोटाला सामने आ रहा है. एक दूसरे पर सवाल उठाए जा रहे हैं. कौन सफेद है और कौन काला है? जांच एजेंसियों पर भी प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं? सवाल यह है कि भ्रष्टाचार के प्रकरणों में कनविक्शन रेट इतना कम क्यों आ रहा है? क्या घोटाले भी मारने और बचाने के नए घोटाले के रूप में काम आने लगे हैं? सरकारों के राजनीतिक नेतृत्व ईमानदारी से भ्रष्ट गतिविधियों को रोकने की कोशिश भले करते हों लेकिन ब्यूरोक्रेटिक सिस्टम इतना जटिल और आंतरिक हितों से इतना गुंथा हुआ है कि कालांतर में सारे मामले रफा-दफा ही होते दिखाई पड़ते हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर इस समय विपक्षी दलों द्वारा पूरी ताकत से आवाज उठाई जा रही है. जांच एजेंसियां जिस तरह की कार्यवाही कर रही हैं उससे यही लगता है कि शायद यह विरोध घोटालों में जांच की प्रक्रिया में राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए किया जा रहा है. यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों के माध्यम से उनको फंसाने का काम कर रही है।

कई राज्यों में विरोधी दलों की सरकारें भी काम कर रही हैं. उन राज्यों में भी बीजेपी का राजनीतिक सिस्टम प्रभावशील है. यदि राजनीतिक नजरिए से ही कार्यवाही की जाती तो वह राज्य सरकारें अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं कर सकती? इसका मतलब है कि बिना तथ्य और प्रमाण के जांच एजेंसियां किसी पर भी हाथ नहीं डालती।

कर्नाटक में बीजेपी विधायक के बेटे रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त द्वारा गिरफ्तार किए जाते हैं. उनके घर से छापों में करोड़ों रुपए नकद बरामद होते हैं. वहां तो बीजेपी की ही सरकार है फिर बीजेपी के नेता के परिवार पर ही यह कार्यवाही कैसे संभव हो सकी है? इसका मतलब है कि जहां भी भ्रष्टाचार की जानकारी तथ्यों के साथ मिलती है वहां कार्यवाही सुनिश्चित होती है. दलीय आधार पर भ्रष्टाचार के मामलों में राजनीतिक बयानबाजी या पत्र व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जितने तरीके के आरोप गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए और उसके बाद लगाए गए हैं उतने आरोप शायद किसी भी नेता पर नहीं लगाए गए होंगे. इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार का कोई भी आरोप नहीं लगाए जा सके हैं. नेतृत्व जब बेदाग होता है तब ही भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही को गति मिलती है।

पश्चिम बंगाल में राज्य के मंत्री से जुड़े ठिकानों से ?50 करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद होना क्या दर्शाता है? शिक्षा भर्ती घोटाले में जिस तरह से लोगों को लूटा गया है उस पर जांच की कार्यवाही को भटकाने के लिए राजनीतिक कदम कहां तक जायज है? हर सत्ताधारी नेतृत्व ईमानदारी से भ्रष्टाचार के मामलों में सख्ती के साथ कदम उठाने लगे तो फिर राजनीतिक आवाजें आना बंद हो जाएंगी. कोई एक ही दल नहीं है जो पूरे देश में सब जगह सत्ता में हो. जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त होगा वो किसी भी दल का हो, दंड पाने से बच नहीं सकेगा।

पूरी दुनिया आज बीपी और शुगर की बीमारी से ग्रस्त है. बीपी ब्लड प्रेशर के अलावा भ्रष्टाचार पॉजिटिव के रूप में भी देखा जा सकता है. इस बीपी से तो कौन अछूता होगा? इस बीपी के शुगर की मिठास राजनीति में तो खुलेआम दिखाई पड़ती है. कलफ लगे कुर्ते बिना इस बीपी के चमकते नहीं रह सकते. इतनी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जिसे हम स्कीम समझते हैं कमबख्त वहीं स्कैम निकल जाता है. एक नया ट्रेंड दिखाई पड़ता है,जिसमें भ्रष्टाचार की पूर्व योजना के अंतर्गत नीतियों और योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता है. इससे जुड़े जो भी स्टेकहोल्डर होते हैं वह सब मिल कर जन-धन की बंदरबांट कर लेते हैं. जनता को तो ऐसे घोटालों का पता ही नहीं चलता।

सत्ता में पालाबदल के ऐसे हालात हैं कि कल जो जीजा था वह आज साला हो गया है. आज का निर्धन कल का लाला हो गया है. भ्रष्टाचार के कारण देश में जो हालात बन रहे हैं उससे न केवल लोकतंत्र कमजोर हो रहा है बल्कि इससे देश की मजबूती भी प्रभावित हो रही है. ऐसे हालातों में देश को बाहर वाले दुश्मन की ज्यादा जरूरत नहीं है. हमें अपनी कमजोरियों और गड़बड़ियों से ही सबसे पहले लड़ना है।

इंडिया अगेंस्ट करप्शन के आंदोलन से जन्म लेने वाले राजनीतिक दल के दो बड़े नेता जेल के अंदर हैं. करप्शन के खिलाफ लड़ाई राजनीतिक लाभ के लिए सुनियोजित और प्रायोजित ढंग से लड़ने से कोई लाभ होने की संभावना नहीं है. इस लड़ाई में पूरी ईमानदारी की जरूरत है. सरकारों के नेतृत्व को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए खुद को मिटने की सीमा तक लड़ने के लिए तैयार रहने की जरूरत है, तभी इस दिशा में कोई सार्थक परिणाम मिल सकते हैं।

ब्यूरोक्रेसी और सिस्टम ऐसे मामलों को लटकाता है फिर पांच साल बाद चुनाव में परिस्थितियां अगर बदल गईं तो फिर तो उसे अपने मुताबिक निर्णय को अंजाम देने में ज्यादा कठिनाई नहीं है और अगर ऐसा नहीं हुआ तो भी राजनीति की नई परिस्थितियां साधने में ब्यूरोक्रेसी से विशेषज्ञ कोई नहीं होता।

कलई खोलते ये असंतुलित आँकड़े

राकेश दुबे

लाख प्रयासों के बावजूद सरकार बेरोज़गारी के मोर्चे पर कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पा रही है। ग्रामीण और शहरी रोज़गार के आँकड़ों के बीच असंतुलन भी चर्चा का विषय है। आँकड़ों के आईने में देखने पर जहां देश में फरवरी 2023 में बेरोजगारी दर बढ़कर 7.45 प्रतिशत आंकी गई,जनवरी में यह दर 7.14 प्रतिशत रही थी। श्रम बल में बेरोजगार लोगों की संख्या भी 3.15 करोड़ से बढ़कर 3.3 करोड़ हो गई। बेरोजगारी दर के साथ श्रम भागीदारी दर में भी बढ़ोतरी हुई मगर फरवरी में रोजगार दर जनवरी में दर्ज स्तर पर ही रही। रोजगार के मामले में देश के शहरी क्षेत्रों का प्रदर्शन ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अच्छा रहा। इस अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी काफी बढ़ी।

देश में फरवरी के दौरान श्रम भागीदारी दर मामूली बढ़कर 39.92 प्रतिशत हो गई। जनवरी में यह दर 39.8 प्रतिशत थी। श्रम बल का आकार 44.08 करोड़ से बढ़कर 44.29 करोड़ हो गया। इसका आशय है कि जनवरी की तुलना में फरवरी में 21 लाख अतिरिक्त लोगों ने रोजगार की तलाश की। जितने लोग श्रम बल में आए उनमें केवल 6 लाख लोग रोजगार प्राप्त कर पाए। शेष 15 लाख लोग बेरोजगार रह गए। यह फरवरी में बेरोजगारी दर बढ़ने का कारण स्पष्ट करता है।

फरवरी के आंकड़ों में क्षेत्रीय आधार पर असमानता दिखती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार में कमी के कारण बेरोजगारी में इजाफा हो गया। इससे भी अधिक चिंता की बात यह रही कि जितने लोग रोजगार तलाशने आए उनमें एक बड़ी संख्या को काम नहीं मिला। दूसरी तरफ, शहरी क्षेत्रों में रोजगार में इजाफा हुआ। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज हुई।

वैसे पिछले तीन महीनों के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दरों में अंतर कम हुआ है। दिसंबर 2022 में शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर 2.65 प्रतिशत थी, जो ग्रामीण क्षेत्र के आकड़ों की तुलना में अधिक रही। यह अंतर जनवरी 2023 में कम होकर 2.07 प्रतिशत और फरवरी में और कम होकर 0.7 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर लगातार ऊंचे स्तरों पर है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 0.75 प्रतिशत बढ़कर फरवरी में 7.23 प्रतिशत हो गई। जनवरी में यह दर 6.48 प्रतिशत थी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों की संख्या बढ़कर करीब 23 लाख हो गई। इससे थोड़ा अचरज जरूर हुआ क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इससे पूर्व की चार महीने की अवधि में बेरोजगारी दर घट रही थी। जनवरी और फरवरी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम भागीदारी दर 40.9 प्रतिशत के स्तर पर मजबूत बनी रही। हालांकि श्रम बाजार के आकार में मामूली इजाफा जरूर हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में श्रम बल का आकार 29.98 करोड़ से बढ़कर फरवरी में 30 करोड़ हो गया।

जनवरी में शहरी क्षेत्रों में रोजगार दर 34.33 प्रतिशत थी। यह फरवरी में 0.63 प्रतिशत अंक बढ़कर 34.96 प्रतिशत हो गई। सितंबर 2020 के बाद से शहरी क्षेत्र में दर्ज रोजगार दर का यह उच्चतम स्तर रहा। फरवरी में शहरी क्षेत्रों में कार्यबल में 26 लाख का इजाफा हुआ। इस तरह, श्रम बल में 13.15 करोड़ लोग रोजगार वाले हो गए। शहरी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की हिस्सेदारी काम करने वाली आबादी में काफी बढ़ोतरी रही।

फरवरी के रोजगार के आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार में बढ़ोतरी का लाभ मिल रहा है। शहरी क्षेत्रों में पुरुष बेरोजगारी दर में 1.46 प्रतिशत का इजाफा हुआ। यह दर जनवरी की 58.7 प्रतिशत की तुलना में जनवरी में बढ़कर 60.17 प्रतिशत हो गई। दूसरी तरफ महिलाओं में रोजगार दर इसी अवधि के दौरान 6.36 प्रतिशत से मामूली कम होकर 6.28 प्रतिशत रह गई।

भारत में फरवरी के दौरान बेरोजगार लोगों की संख्या में हुआ इजाफा ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम बल में महज 2.6 लाख का इजाफा हुआ और करीब 23 लाख लोग फरवरी में बेरोजगार हो गए। इसके उलट रोजगार के मामले में देश के शहरी क्षेत्रों का प्रदर्शन अच्छा रहा। यहाँ प्रश्न राज्य और केंद्र सरकारों की योजना का है, उनके पैमानों का है। मध्यप्रदेश सहित वे राज्य जहां चुनाव आसन्न है, 'लाड़ली बहना' जैसी योजना आ रही है। ये सब मतदाता को रिझाने वाली योजना है साथ ही इस बात की स्वीकारोक्ति भी है कि सरकारें इस मोर्चे पर पूरी तरह काम नहीं कर सकी हैं।

झूठ बोले कौआ काटे! दो मुख्यमंत्रियों तक शराब घोटाले की आंच

रामेंद्र सिन्हा

पिछले साल केजरीवाल-केसीआर की परवान चढ़ी दोस्ती का राज खुलने लगा है! दिल्ली शराब घोटाले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया जेल में है, तो तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य के. कविता पर इस मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कविता को शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को तलब किया है, तो सीबीआई के शिकंजे में जेल पहुंचे सिसोदिया को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

बोले तो, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार नई शराब नीति लेकर आई थी। इस नीति के आने के बाद दिल्ली के शराब कारोबारी ने ग्राहकों को डिस्काउंटेड रेट पर शराब बेचना शुरू किय। सरकार पर घोटाले के आरोप लगे, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया मुख्य आरोपी थे। दिल्ली सरकार पर निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाकर रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद 'आप' सरकार को विवादित एक्साइज पॉलिसी वापस लेनी पड़ी थी।

के. कविता साउथ ग्रुप के प्रतिनिधियों में से एक हैं, जिसने कथित तौर पर शराब नीति में बदलाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी। अब उनका सामना हैदराबाद के व्यवसायी अरुणा रामचंद्रन पिल्लई से हो सकता है जिसे इस मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था।

शराब घोटाले में पहले हैदराबाद के चार्टर्ड अकाउंटेंड बुचिबाबू गोरंटला को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई थी। दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी को बनाने और लागू कराने में इनका अहम रोल बताया गया। इसके साथ ही आरोप लगाया गया कि इन्होंने हैदराबाद के थोक-खुदरा लाइसेंसधारकों और उनके लाभार्थी मालिकों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया। गोरंटला पहले तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता के साथ काम करते थे।

जांच एजेंसी ने वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा, चैरियट एडवरटाइजिंग के राजेश जोशी सहित अन्य को भी गिरफ्तार किया। जोशी को गोवा चुनाव के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जोशी पर आरोप है उन्होंने एड कंपनी रथ एडवरटाइजिंग के माध्यम से एक आरोपी दिनेश अरोड़ा के जरिए गोवा चुनाव के लिए 30 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। ये दिनेश अरोड़ा शराब घोटाले के आरोपी विजय नायर के साथ काम करते थे। इससे पहले शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के बेटे गौतम मल्होत्रा भी पुलिस के हत्थे चढ़े थे।

इस तरह, दिल्ली शराब घोटाले की आंच पंजाब के रास्ते दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तक पहुंच गई। शराब घोटाले में आरोपी सन्नी मारवाह के पिता कुलविंदर मारवाह का एक वीडियो स्टिंग भी वाइरल हुआ था जिसमें उन्होंने इस घोटाले को लेकर कई खुलासे किए थे। भाजपा का आरोप है कि इस वीडियो में शराब घोटाले को लेकर राशि का उल्लेख है, कमीशन के प्रतिशत की बात भी कही गई है।

शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने अपनी शिकायत में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और सरकार के कई अन्य आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी आरोपी बनाया है। इसके अतिरिक्त हाल ही में ईडी ने अपनी चार्जशीट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम भी शामिल किया था।

और सुनिये, पिछले साल केजरीवाल-केसीआर की परवान चढ़ी दोस्ती का आलम ये था कि पहले केसीआर दिल्ली के स्कूलों का दौरा कर आये तो इसका धन्यवाद ज्ञापन केजरीवाल ने तेलंगाना जाकर किया, जहां वे केसीआर द्वारा आयोजित एक मेगा रैली में शामिल हुए। इससे पहले एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के लिए दक्षिण भारत से फंडिंग हुई थी जिसमें दक्षिण के बड़े-बड़े कारोबारी शामिल थे। क्या इसमें भी केसीआर से जुड़े कारोबारियों की और अरविन्द केजरीवाल की साठगांठ थी, यह खुलासा होना शेष है?

हालांकि, सवाल तो बनता ही है कि केजरीवाल का तेलंगाना में कौन सा वोट बैंक है या फिर केसीआर दिल्ली जाकर कितने मतदाताओं को प्रभावित कर पाते हैं? तो फिर इस गलबहियां का आधार क्या है?

दरअसल, के कविता से जुड़े मामले के अतिरिक्त भी केसीआर के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। तेलंगाना के सबसे बड़े कालेश्वरम प्रोजेक्ट को देश का सबसे बड़ा घोटाला बताया जाता है। केसीआर सबसे अमीर नेताओं में से एक हैं लेकिन तेलंगाना में अर्थव्यवस्था का बुरा हाल है। केसीआर के पिछले चुनाव में किये गए किसानों के लिए कर्ज़ माफ़ी, महिलाओं के लिए ब्याज मुक्त लोन एवं हर घर में नौकरी, गरीबों के लिए 2बीएचके फ्लैट जैसे बड़े-बड़े वादे अधूरे हैं। आगामी महीनों में तेलंगाना में चुनाव प्रस्तावित हैं ऐसे में मुस्लिम तुष्टिकरण से ग्रसित और भ्रष्टाचार से घिरे केसीआर की राह आसान नहीं है।

यही कारण है कि सत्ता में वापसी के लिए उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी से भी हाथ मिला लिया है और आगामी एमएलसी चुनावों में उन्होंने ओवैसी की पार्टी को खुला समर्थन दे दिया है ताकि साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में ओवैसी को वे चुनिंदा सीटों तक ही सीमित रखें और उनके मुस्लिम वोट बंटे नहीं। लेकिन, साथ ही राज्य में हिन्दू धर्म के कार्यक्रमों को सीमित करने वाले, इमामों को तनख्वाह देने वाले केसीआर तेलंगाना में मंदिर निर्माण के लिए करोड़ो दान भी कर रहे हैं। भाजपा के मिशन तेलंगाना का डर जो सता रहा है। वर्ष 2020 में हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा चार सीटों से बढ़कर 48 पर पहुंची थी। अब उसके निशाने पर 2023 का विधानसभा चुनाव है।

उधर, केसीआर की देश में तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद को भी पलीता लगता दिखाई दे रहा है। ऐसी स्थिति में अपने बेटे को भविष्य के नेता के तौर पर स्थापित करना भी एक चुनौती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल की तरह केसीआर भी मुश्किल में हैं। जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का विक्टिम कार्ड मोदी के विराट व्यक्तित्व के आगे कितना काम आएगा यह तो वक्त ही बताएगा।

और ये भी गजब: उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में गहमर थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक सब्जी बेचने वाले शख्स को अचानक इनकम टैक्स का नोटिस मिला है। इस नोटिस में लिखा था कि आपके अकाउंट में जमा करोड़ों रुपये का टैक्स नहीं भरा गया है। अधिकारियों की माने तो इस सब्जी व्यापारी के एक अकाउंट में 172 करोड़ रुपये हैं। लेकिन सब्जी वाला कुछ और ही कह रहा है और पुलिस से मदद की गुहार लगा रहा है।

यह मामला करीब एक महीने पहले का है, जब आईटी टीम को इनकम से ज्यादा मनी ट्रांसफर की लिस्ट मिली। है, जहां रायपट्टी इलाके में रहने वाले विनोद रस्तोगी सब्जी का व्यवसाय करते हैं। एक दिन अचानक विनोद के पास इनकम टैक्स द्वारा भेजा गया नोटिस आया, जिसके बाद सामने आया कि उन्हीं के नाम के एक अकाउंट में 172 करोड़ 81 लाख 59 हजार रुपये जमा किए गए हैं। हालांकि, विनोद का कहना है कि यह पैसे उनके नहीं है। विनोद ने गहमर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मदद मांगी है। विनोद ने थाने में बताया है कि उसके आधार और पैन कार्ड का किसी ने गलत इस्तेमाल करते हुए यह अकाउंट खोला है। बताया जा रहा है कि अकाउंट में करोड़ों रुपये की रकम चैक द्वारा जमा की गई है। गहमर थाने ने विनोद को जिला मुख्यालय साइबर सेल जाने के लिए कहा है।

नगालैंड से सारी दुनिया सीखे

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में भाजपा का डंका बज गया, यह देश ने जमकर देखा लेकिन वहां जो असली विलक्षण घटना हुई है, उसकी तरफ लोगों का ध्यान बहुत कम गया है। वह विलक्षण घटना यह है कि जिन पार्टियों ने चुनाव में एक-दूसरे का डटकर विरोध किया, उन्होंने भी मिलजुल कर अब नई सरकार बनाई है। इतना ही नहीं, वे छोटी-मोटी पार्टियां, जो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा आदि का विरोध करती रही हैं, उन्होंने भी नगालैंड में ऐसी सरकार बनाई है, जैसी दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में भी नहीं है। नगालैंड की ताजा सरकार 'नेशनलिस्टिक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' के नेतृत्व में बनी है। उसके नेता नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री हैं। उनकी 60 सदस्योंवाली विधानसभा में एक भी सदस्य ऐसा नहीं है, जो कहे कि मैं विपक्ष में हूं या मैं विरोधी दल हूं। तो क्या हम यह मान लें कि रियो ने साठों की साठ सीटें जीत लीं? नहीं, ऐसा नहीं हुआ है। उनकी पार्टी और भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं लेकिन उनकी संख्या कुल 37 हैं। 60 में से 37 याने आधी से सिर्फ 7 ज्यादा! फिर भी क्या बात है कि नगालैंड में कोई विरोधी दल नहीं है? जिन आठ दलों ने विरोधी बनकर चुनाव लड़ा था, उनमें 4 पार्टियां नगालैंड के बाहर की थीं। सभी आठों पार्टियों के जीते हुए विधायकों ने कहा है कि हम सत्तारुढ़ गठबंधन के साथ है। अभी तक यह निश्चित नहीं है कि इन विरोधी पार्टियों के विधायकों में से कुछ को मंत्री बनाया जाएगा या नहीं। शरद पवार की नेशनल कांग्रेस पार्टी को 7 सीटें मिली हैं। वह तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उसे दुविधा है, भाजपा से हाथ मिलाने में! इसीलिए वह सरकार को बाहर से ही समर्थन देगी। जो भी हो, नगालैंड में जो सरकार बनेगी और चलेगी, मेरी राय में वह दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए आदर्श है। दुनिया की संसदों में पक्ष और विपक्ष की पार्टियां जो फिजूल का दंगल करती हैं और अपना तथा देश का समय नष्ट करती रहती हैं, उससे भारत, एशिया, अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों को छुटकारा मिलेगा। जो भी सरकार सर्वसम्मति से बने, उसमें दलीय संख्या के अनुपात में मंत्री बना दिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल के सभी फैसले बहुमत के आधार पर होंगे। नगालैंड से भारत और दुनिया के सभी राजनीतिक दल प्रेरणा लेकर अपने-अपने देश में वैसी ही सरकारें बना सकते हैं, जैसी आजादी के बाद 1947 में भारत में जवाहरलाल नेहरु के नेतृत्व में बनी थी। उस नेहरु सरकार में घनघोर गांधीविरोधी भीमराव आंबेडकर और जनसंघ के जनक श्यामाप्रसाद मुखर्जी भी मंत्री थे। उसके 14 मंत्रियों में हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी, दक्षिण भारतीय, दलित, महिला आदि सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व था। वह सचमुच की राष्ट्रीय सरकार थी। आजकल की पार्टी-आधारित सरकारों में भी इन वर्गों का प्रतिनिधित्व रहता है लेकिन उन सब पर सेंत-मेंत प्रहार करने के लिए हम एक विपक्ष भी फिजूल में खड़ा कर लेते हैं।

जानी चाहिए न्यायालय ने दोहराया कि ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी को संवैधानिक संरक्षण हासिल है और इसे केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर ही रोका जा सकता है। न्यायालय ने यह भी कहा कि हालांकि सरकार को बंदी लगाने का अधिकार है लेकिन इससे संबंधित कोई भी आदेश सार्वजनिक किया जाना चाहिए तथा वह न्यायिक समीक्षा का विषय होना चाहिए।

वैसे यह निर्णय जनवरी 2020 में आया था और ऐसा लगता है कि इसकी मोटे तौर पर अनदेखी कर दी गई। 2022 में इंटरनेट बंदी के कई मामलों में उसकी उपयुक्तता और आवश्यकता के सिद्धांत का पालन नहीं किया गया और उनकी समीक्षा की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के साथ यह बात अहम है कि ऐसी बंदी को न्यूनतम किया जाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbp167@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

दो अपराधी जिला बदर

धार, 10 मार्च 2023 / जिला दण्डाधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर जिले के दो अपराधियों को जिला बदर किया है। इनमें सहदेव पिता वासुदेव मराठा निवासी ग्राम नारायणपुरा थाना सागौर को एक वर्ष की अवधि के लिए एवं पुनमचंद्र उर्फ पूनमसिंह पिता कालू निवासी ग्राम सिंदोडा थाना तिरला को 6 माह की अवधि के जिला बदर किया है। जिला दण्डाधिकारी श्री मिश्रा ने उक्त अपराधियों को आदेश दिए है कि वे आदेश प्राप्त होने के दिनांक से 24 घण्टे के अन्दर धार जिले की राजस्व सीमा व इस जिले की समीपवर्ती जिले इन्दौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन एवं अलिराजपुर की राजस्व सीमाओं से उक्त अवधि के लिए बाहर चले जाए और जिला दण्डाधिकारी धार के न्यायालय की लिखित अनुमति के बिना वह उक्त क्षेत्रों में प्रवेश नहीं

कलेक्टर के निर्देश पर शासकीय भूमि पर बनी दुकानें जमींदोज

छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में जिला प्रशासन छतरपुर की राजस्व टीम ने शुक्रवार को छतरपुर शहर के किशोर सागर तालाब (शिक्षा विभाग के पास) स्थित शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 3087 पर अतिक्रामक द्वारा पक्की दुकानें बनाकर शासकीय भूमि पर किये गए अतिक्रमण को बुल्डोजर मशीन द्वारा जमीदोज किया गया। इस दौरान एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एएसपी विक्रम सिंह, एसडीएम विनय द्विवेदी, तहसीलदार नगर एवं ग्रामीण दल बल के साथ उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए दी गई ट्रेनिंग

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में शुक्रवार को जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी छतरपुर द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन अंतर्गत दोपहर 3 बजे से तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन ई-दक्ष केंद्र छतरपुर में किया गया। प्रबंधक ई-गवर्नेंस राहुल तिवारी ने बताया कि एईजीएम, मास्टर ट्रेनर साथ ही जनपद एवं नगरीय निकायों के योजना से संबंधी सभी ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में समग्र आईडी के ई-केवायसी एवं अन्य तकनीकि विस्तृत जानकरी दी गयी तथा एलबीवाय अंतर्गत दिनांक 25 मार्च से पात्र महिलाओं को मिलने वाले मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लाभ के आवेदन ऑनलाइन डेस्कटॉप और मोबाइल एप द्वारा प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में तकनीकि जानकारी दी गई। प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्ष चतुर्वेदी द्वारा दिया गया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए दद्दाजी शिष्य मंडल की बैठक कल

छतरपुर। शहर के पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में आगामी 24 से 26 मार्च तक होने जा रहे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं दद्दाजी एवं जिज्जी की प्रतिमा के प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन को लेकर दद्दाजी शिष्य मंडल छतरपुर की बैठक रविवार 12 मार्च को शाम 5 बजे शहर के सिंचाई कॉलोनी क्षेत्र में स्थित मरई माता मंदिर में आहुत की जाएगी। दद्दाजी शिष्य मंडल के सदस्य एवं व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अशोक दीक्षित ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया कि मां सरस्वती, परम पूज्य गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी एवं जिज्जीबाई की प्रतिमा की स्थापना ग्राम गठेवरा स्थित पं. देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में धार्मिक विधि विधान से की जाएगी। तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज केंपस में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ विराजमान किया जाएगा। इसी धार्मिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

न्याय, आस्था के मंदिर के टूटे ताले,

ओबैदुल्लागंज। न्याय के मंदिर एवं आस्था के मंदिर कहे जाने वाली जगहों को भी चोरों द्वारा बक्शा नही जा रहा है। ताज़ा मामला होली की रात गोहरगंज न्यायपालिका के पास के मंदिर व अंदर के ताले टूटने का है। न्यायालय से सटे हनुमान मंदिर की दान पेटी के ताले टूटने, न्यायालय के भीतर बने बंगले के ताले टूटने, प्रथम क्षेणी न्यायाधीश गौरव अग्रवाल के कोर्ट रुम में अंदर कवर्ड की फाइलें बिखरी मिलने, न्यायधीश के कोर्ट रूम की टीवी का कनेक्शन निकालकर चोरी करने के मंसूबे वायर खींचे गये। विश्वशनीय सूत्रों की माने तो पुलिस को चोर का पता लग गया है, जल्द चोर की गिरफ्तारी हो सकती है। मौ-काये वारदात पर एक झोला मिला है जो, अदालत की बाउंड्री पर रखा हुआ था। उक्त झोले में कपड़े एवं बेल्ट रखी हुई थी। न्यायालय के भीतर स्थित बंगले के ताले टूटे हालांकि बंगला सूना था तो, चोरों के हत्थे कुछ नही लगा। अदालत के चौकीदार की पेंट से मोबाइल व 400 से 500 रुपये निकालने की बात सामने आई है। उक्त घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई क्योकि न्यायालय के ताले टूट रहे हैं तो आम आदमी की सुरक्षा पर सवाल उठना लाज़मी है।सीसीटीवी कैमरों की मदद एवं पुलिस सूत्रों से चोर का पता लगने की ख़बर सामने आई है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में पहुंचे कृषि मंत्री कमल पटेल

सासंद डीडी उइके ने भी किया गैड़ी थामी और नृत्य

योगेश गुप्ता बैतूल। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल का ठेठ देसी और अनूठा अंदाज शुक्रवार को बैतूल में देखने को मिला। आदिवासी समाज के परंपरागत गैड़ी नृत्य पर उन्होंने नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्हें देखकर सांसद डीडी उइके ने भी गैड़ी थामी और नृत्य किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने नृत्य का आनंद लिया एवं ताली बजाकर दोनों का स?वागत किया। कृषि मंत्री कमल पटेल से जब मीडिया ने गैड़ी नृत्य के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारे गांव में न तो लाइट थी न सड़कें थीं। बारिश के दिनों में जब खेत जाना पड़ता था तो हम गेड़ी का ही उपयोग करते थे। आज जब श्रीराम युवा मंडल गोधना के युवाओं को गैड़ी नृ?य करते देखा तो मन नहीं माना और मंच छोड़कर सीधे गैड़ी थामकर नृत्य करने लगे। दरअसल किसान कल?याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल नेहरू युवा के?द्र बैतूल के जिला स?तरीय युवा उत?सव में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

कृषि विकास मंत्री पटेल ने कार्यक्रम में कहा कि युवा देश का वर्तमान और भविष?य हैं। वर्तमान अच?छा है तो भविष?य भी उज?जवल होगा। युवाओं से आह्वान है कि वे ईमानदारी एवं दृढ़इच?छा शक्ति के संकल?प के साथ मेहनत करें, सफलता उनके कदम चूमेगी। और वे अपना सर्वांगीण विकास कर देश के योग?य नागरिक बन सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं से अपेक्षा है कि वे स?वयं को स?वाभिमानी, चरित्रवान, पुरूषार्थी एवं देशभक?त बनाएं। उक?त चारों गुणों से परिपूर्ण होने पर उनमें विश?व में नेतृ?व की क्षमता विकसित हो सकेगी। उन?होंने कहा कि सरकार युवाओं से उन?नति के शिखर पर जाने की अपेक्षा रखती है। कार्यक्रम में सांसद उइके ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को प्रतिभा एवं कौशल की अभिव्यक्ति की प्रेरणा देते हैं। देश के युवाओं से हर क्षेत्र में अग्रणी बनने एवं अपने दायित?वों के प्रति सचेत रहने की अपेक्षा है।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. पंडाग्रे ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अध?ययन के अलावा अन?य क्षेत्रों में भी पारंगत होना चाहिए। वे विभिन?न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कन?या पूजन के साथ किया गया। युवा उत?सव के तहत पेंटिंग, कविता पाठ, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण एवं सांस्?कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें विजेता प्रतिभागियों को किसान कल?याण एवं कृषि विकास मंत्री पटेल, सांसद उइके एवं विधायक डॉ. पंडाग्रे द्वारा पुरस?कार प्रदान किए गए।

भाषण प्रतियोगिता में लतिका साहू प्रथम, अमरदीप भालेकर द्वितीय एवं पलक खातरकर तृतीय स?थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में उमा सोनी प्रथम, पायल सोलंकी द्वितीय एवं यश भोपले तृतीय स?थान पर रहे। मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अनिल इवने प्रथम, पीयूष सोनारे द्वितीय एवं देवेन?द्र धुर्वे तृतीय स्थान पर रहे। सांस्?कृतिक कार्यक्रम में अंकित डांस ग्रुप बैतूल ने प्रथम, श्रीराम युवा मंडल गोधना ने द्वितीय एवं अखिल भारतीय ग्रामीण डांस ग्रुप ने तृतीय स?थान प्राप?त किया है।

नकली आरएस ब्रांड की शराब के आरोप को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज नगर परिषद अंतर्गत 01 ब्रांड की नकली शराब बिक्री का मामला सामने आया है। उक्त मुद्दे को लेकर भाजपा पार्षद, दीपू परिवार के नेतृत्व में पार्षद पति नरेश सेठी के आवाहन पर नगर के कई युवाओं ने गौहरगंज एसडीएम के नाम औ.गंज में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। उक्त ज्ञापन में स्पष्ट लिखा है कि क्षेत्र में नकली शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। प्रशासन को सख्त कार्यवाही करना चाहिए। ज्ञापन में नकली शराब के कारण कई लोग बीमार हुए है। हम अनुविभागीय अधिकारी से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं।

उक्त विषय पर आबकारी अधिकारी संदीप दुवेदी से बात करनी चाही, तो किसी कारणवश उन्होंने हमारा फोन रिसीव नही किया। ज्ञात हो कि रायसेन आबकारी अधिकारी दीपम रायचूरा का स्थानांतरण सागर हो गया है। ज्ञापन देते समय भाजपा के कद्दावर नेता नरेश सेठी, सपन श्रीवास्तव, राहुल नागर, अंकित सहित, शान्तनु पांडे, मोनी नागर राहुल नागर, भारत सेठी, करण राजपूत, प्रतीक सोनी आदि युवा उपस्थित रहे। नकली शराब को लेकर नारेबाज़ी भी की गई। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो चुनाव के समय शराब की पेटियां वर्तमान पार्षद द्वारा उधारी में ली गई थी, जब कलारी से पैसे देने को लेकर कहा गया तो, यह सब हुआ हालांकि इस बात की हम पुष्टि नही करते परन्तु नकली शराब शासकीय मैखानो में बिक रही है तो, बाहर ढ़ाबे आदि पर आम इंसान को क्या पिलाया जा रहा है। आपको बता दें कि हाइवे पर कई दुकाने अवैध सफेद/लाल की शराब से ही सुचारू चल रही हैं।

इनका कहना है

शासकीय शराब दुकान औ.गंज में आरएस ब्रांड की शराब नकली होने से कई नगरवासियों की तबियत ख़राब होने की शिकायत हमारे द्वारा एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर से की गई है। औबेदुल्लागंज क्षेत्र में प्रशासन को अवैध व नकली शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करनी चाहिये।

दीपू परमार, पार्षद भाजपा
औबेदुल्लागंज

हमारी किसी भी दुकान की शराब नकली नही है। जिन्होंने शिकायत की है उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। शिकायतकर्ता शराब को कहीं भी जंचवा लें। हम क्षेत्र में काम कर रहे हैं, हम जनता को ज़हर थोड़ी पिलायेंगे। हम समय-समय पर ज़हरीली शराब पकड़वाते हैं।

पवन मिश्रा,
शासकीय शराब दुकान
मैनेजर

भारत में महिलाएं प्राचीन काल से ही सशक्त -मीरा सिंग

बैतूल। यौर्स सोशल सोसायटी लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना बैतुल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लीगल एडवाइजर वन स्टाप सेंटर एडवोकेट श्रीमती मीरा सिंग और विशेष अतिथी प्रदेशअध्यक्ष राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी महिला संगठन श्रीमती कविता मालवी मौजूद रहीं। इस अवसर पर मीरा सिंग ने महिला सशक्तिकरण विषय पर बोलते हुए कहा की भारत में महिलाएं प्राचीन काल से ही सशक्त रही हैं। 12 वीं सदी के बाद कुछ कुरुतियां आयी थी उस समय भी सशक्त महिलाओं के उदहारण मिलते है। आज भारतीय संविधान ने महिलाओं को विशेष अधिकार दिए हैं। महिलाओं के सतत विकास के लिए कार्ययोजना बनी हैं। बदलाव आ रहा हे पर यह बदलाव धीमा है। सिर्फ महिला दिवस पर ही नहीं वर्ष भर महिलाओं को अपने आप को सशक्त मानना चाहिए। श्रीमती कविता मालवी ने अपने सन्देश में कहा की महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार होती हैं। महिला के बिना पुरुष का अस्तित्व नहीं है। जन्म लेने के बाद सबसे पहले हम सभी का साक्षात्कार मां के रूप में एक महिला से ही होता हे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती उषा अतुलकर ने कहा की परिवार निर्माण एवं अगली पीढ़ी की दशा एवं दिशा मां के रूप में महिला ही निर्धारित करती है। विशेष अतिथि श्रीमती लता सोनी ने स्वरचित कविता पाठ किया एवं कहा की नारी को देवता के तुल्य मानना हमारी संस्कृति रही है। महिलाओं ने आज हर क्षेत्र में प्रगति कर अपना विषेष स्थान अर्जित किया है। कार्यक्रम का संचालन कुमारी वर्षा खातरकर ने किया। छाया प्रजापति, पिंकी तालमपुरिया, भाग्यश्री नामदेव ने भी उपस्थित समुदाय को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कई प्रतियोगताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना के समस्त कर्मचारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

शिवपुरी की पहचान अब अंतर्राष्ट्रीय पटल पर: मुख्यमंत्री

शिवपुरी - माधव नेशनल पार्क में बाघों का एक जोडा छोड़ने के उपरांत मुख्यमंत्री ने दो बत्ती स्थित कै. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जन्म जयंति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये एवं यहां से विशाल रोड शो का आयोजन किया गया जो चिंताहरण मंदिर, माधव चौक, कोर्ट रोड़ होते हुए पोलो ग्राउंड पर समाप्त हुआ जहां विशाल आम सभा का आयोजन किया गया था।

मंच पर जाने से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कन्या पूजन किया। मंच पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा,खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया,वन मंत्री विजय शाह,प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया,सांसद डॉ.के.पी.यादव के साथ ही भाजपा के विधायक,पूर्व विधायक एवं पदाधिकारी अतिथियों की स्वागत परंपरा उपरांत जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शिवपुरी एक ऐतिहासिक,प्राचीन एवं पर्यटन नगरी रही है,एमएनपी में आज दो बाघों के आने से अब शिवपुरी को अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर पहचाना जाएगा।उन्होने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बाघों के संरक्षण के साथ उनकी सुरक्षा भी करनी होगी। शिवपुरी में बाघों के आने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर एवं देशी एवं विदेशी पर्यटकों के आने से जिले की इकोनिमी भी बढ़ेगी। इस जोडें में बांधवगढ़ नेशनल पार्क से मादा और सतपुड़ा नेशनल पार्क से नर बाघ को लाया गया है,शीघ्र ही तीन बाघों को और छोडा जायेगा। बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ अधोसंरचना के,बाघ परियोजना के तहत गाइडों, होटल एवं टैक्सी चालकों आदि लोगों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना के बारे में बताया और कहा कि यह वह धरती है जहां नारी की पूजा की जाती है । पहले बेटी जन्म को अभिशाप समझा जाता था अब बेटी अभिशाप नहीं बल्कि वरदान है, बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना लाई गई और मजदूर बहनों के लिए प्रसूति सहायता योजना शुरू की गई, अब लाडली बहना योजना शुरू की गई है। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 27 वर्षों के बाद एमएनपी में अब बाघों की दहाड़ सुनने के साथ उन्हें देखने का भी अवसर सैलानियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिवपुरी सहित अंचल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक होने के साथ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, उन्होंने कहा कि उनके पूज्य पिताजी स्व.माधवराव सिंधिया की जयंती पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के प्रयासों से आज माधव नेशनल पार्क में पुनः बाघों को विस्थापित कर शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में छोड़ा गया है। शिवपुरी विधायक एवं खेल युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा, प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों को इस ऐतिहासिक कार्य हेतु धन्यवाद देते हुये कहा कि यह शिवपुरी जिले के पर्यटन को न केवल रफ्तार देगा अपितु स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करायेगा।

मुनिश्री अजित महाराज ससंघ का आज होगा नगर में मंगल प्रवेश



बैरसिया। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ति शिष्य मुनिश्री 108 अजित सागर जी महाराज, एलक श्री 105 दया सागर जी महाराज, एवं एलक श्री 105 विवेकानंद सागर जी महाराज का नगर मे आज मंगल प्रवेश होगा। ज्ञात हो कि मुनि संघ का चातुर्मास सन 2019 में बैरसिया नगर में हुआ था, उसके बाद मुनि संघ का आना नगर में लगभग 4 वर्ष बाद हुआ है।

गौशाला में होगा संगीत मय विधान इससे पहले मुनिश्री ससंघ के सानिध्य में गौशाला मे भव्य संगीत मय विधान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूर्ण भक्ति भाव के साथ जैन समाज के लोग विधान आयोजन में भाग लेंगे, ज्ञात हो कि मुनिश्री के नाम से ही गौशाला समिति का नाम मुनिश्री अजित सागर गौशाला समिति बैरसिया है, और मुनिश्री का गौशाला में प्रथम आगमन होगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क-08 यांत्रिक विभाग
निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्रं.162/यां.वि./ 2023 भोपाल, दिनांक 6/3/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

S. No.	Tender ID	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs.in lakh)	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs)	Cost of Bid Document (In Rs)	Period of Completion (in Months)	SOR
1	2023_UAD_258870_1	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL NEAR DURGA MANDIR KALIYASOT DAM CHUNNA BHATTI W-30 Z-08	5,43,655/-	5437/-	2000/-	02 months	MPUADD Building 2021

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 07.03.2023 (date) to 17:30P.M. (time) 21.03.2023 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.
The initial period of 03(three year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

नि.क्रं. 1756/022/023
Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal District Bhopal

अंतराष्ट्रीय महिला सप्ताह....

116 गांवों में निवासरत 1 लाख 60 हजार लोगों की संभाल रही जिम्मेदारी दबंग तहसीलदार निकिता तिवारी

बरेली। बदलते समय के साथ बहुत सी चीजें भी बदल गई है जब कोई महिला पुलिस अधिकारी, प्रशासन, डॉक्टर, पायलट, मंत्री या अन्य बड़े पदों पर बैठती है, तो हमने लोगों को यह कहते सुना है कि आज के समय में महिलाएं किसी से कम नहीं है वर्तमान दौर में महिलाएं हर एक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है. पुलिस विभाग, रेलवे विभाग, प्रशासन, राजनीति, एयरफोर्स, थल सेना जैसे अनेक विभागों में महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर काम रही है या फिर यह कहना गलत नहीं होगा कि देश के विकास में महिलाओं का भी उतना ही योगदान है, जितना पुरुषों का है

कोरोना काल में योद्धा बनकर नभाई जुम्मेदारी : एक और कोरोना वायरस ने देश और दुनिया को पूरी तरह हिला कर रख दिया है संकट में कोरोना कर्मवीर योद्धा बनकर चौबीसों घंटे ड्यूटी में तैनात रहकर अपना फर्ज निभाया लाखों महिलाएं चुनौतियों के बीच अपने फर्ज पर डटी रही थी जिस तरह मां अपनी संतान के लिए जी जान से समर्पित रहती है, उसी भावना से नारी अपने कार्यक्षेत्र में भी कुशलता दिखाती है। यहां पेश हैं, कुछ ऐसी महिलाओं का विवरण, जो स्वयं और अपने परिवार की परवाह न करते हुए अपने कार्यक्षेत्र को ही परिवार मानते हुए पूरी जिम्मेदारी आज भी निभा रही हैं।

116 गांवों की संभाल रही जिम्मेदारी – तहसीलदार: बरेली तहसीलदार निकिता तिवारी बरेली तहसील में पदस्थ है इस तहसील के अंतर्गत 116 गाँव आते हैं इनमें निवासरत लोगों की जनसंख्या लगभग 1 लाख 60 हजार है तहसीलदार के अंडर में 43 पटवारी ऑफिस स्टाफ तृतीय श्रेणी कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मिलाकर 15 कर्मचारी 3 महिला पटवारी एक महिला बाबू एक महिला भ्रत्य का करती है इतने गांव में की जिम्मेदारी स्वयं संभालना और इतनी जनसंख्या की समस्याओं को हल करना महिला होने के नाते चुनौती भी लेकिन अपने कर्तव्य को फर्ज के साथ निभा रही हैं निकिता तिवारी ने कहाँ आज महिलाएं हर जगह पहले पायदान पर हैं चाहे राजनीतिक हो चाहे प्रशासनिक हो चाहे घरेलू हर जगह पहले पायदान पर महिलाएं अपनी जिम्मेदारियां निभा रही है मैंने तहसीलदार क पद पर रहते हुए बटवारा नामांकन के समय पिता की संपत्ति में बेटियों को भी बेटों के बराबर का अधिकार दिया है तहसीलदार ने कहा कि परिस्थिति शिक्षा के बीच में आड़े नहीं आते चुनौतियां बहुत होती है लेकिन लक्ष्य अटल होना चाहिए मैंने भी गरीब परिस्थितियों में रहकर पढ़ाई की थी मेरी मां जिस तहसील के चक्कर लगाती थी जब मैं छोटी थी जब इसे मन में ठान लिया था कि तहसीलदार बड़ा पद होता है मेरी मां प्रत्येक दिन तहसील के चक्कर लगाती है फिर क्या था आज उसी पद पर उसी कुर्सी पर पदस्थ हूं और लोगों की सेवा कर रही हूँ लक्ष्य अटल होना चाहिए 7

कार्यालय नगर परिषद हर्रई जिला छिन्दवाड़ा
Telephone : 07168.220128; E-mail:

430/PWD/NP/2023 हर्रई, दिनांक 10-03-2023

ई - निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंर्तगत सक्षम क्षेणी के पंजीयककृत ठेकेदार से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 02 अगस्त 2021 प्रभावशील प्रचलित आई.एस.एस. आर. के आधार पर कम / अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। (कायाकल्प अभियान)

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम एवं विवरण	प्राक्कलन राशि (रू. में)	धरोहर राशि (रू. में)	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
2023_UAD_259421_1	कायाकल्प अभियान अंतर्गत वार्ड क्र. 15 में एन. एच. 547 तक वार्ड क्र. 12 बटका तिराहा से शंकर मढ़िया तक एवं वार्ड क्र. 09 खबराखुई में डामलीकरण सड़कों के मजबूतीकरण का कार्य	67,50,752/-	50,700 /-	10,000/-	New Pwd Rag.	2 माह

शत - (1) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptender.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। (2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र 10.03.2023 से 27.03.2023 सायं 5:30 बजे तक खरीदे जा सकेगें। (3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 27.03.2023 सायं 5:30 बजे तक है। (4) अमानत राशि, हार्डकापी केवल ऑनलाईन मान्य की जावेगी। निविदा दिनांक 29.03.2023 से खोली जावेगी। (5) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्ररूप अनुसार। नोट / अन्य शर्ते (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (2) निविदाकार को ई.पी.एफ. का पंजीयन प्रमाण देना अनिवार्य होगा। (3) निविदाकार लेबर विभाग का पंजीयन प्रमाण दर स्वीकृति उपरांत देना अनिवार्य होगा। Cost Escalation Caluse लागू नहीं होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद हर्रई

इस हफ्ते सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

सोना 56 हजार और चांदी 62 हजार के नीचे आई, कैरेट के हिसाब जानें गोल्ड की कीमत

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरुआत, यानी 6 मार्च को सोना 56,108 रुपए पर था जो अब 11 मार्च को 55,669 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 439 रुपए कम हुई है।

चांदी भी 62 हजार के नीचे आई

IBJA की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में ढ़ाई हजार रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 64,293 रुपए पर थी जो अब 61,791 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,502 रुपए कम हुई है।

अप्रैल में सोने की डिमांड बढ़ने की उम्मीद

आईआईएफएल सिक्युरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि घरेलू बाजार में फिजिकल डिमांड कमजोर है। मार्च तक सोने की कीमतों में गिरावट जारी रह सकती है। अप्रैल में अक्षय तृतीया है, इसी महीने नवरात्रि भी पड़ रही है। नवरात्रि में नए साल की शुरुआत में लोग खरीदारी करते हैं। इसलिए अप्रैल में फिजिकल डिमांड की उम्मीद है।

मिस्ड कॉल देकर पता लगाएं सोने का रेट

आप सोना और चांदी का भाव आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा। इसमें आप लेटेस्ट रेट्स चेक कर सकते हैं।

अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में अडाणी

कर्ज चुकाने के लिए 4.5त्न हिस्सेदारी बेचकर 3,000 करोड़ रुपए जुटाएगा अडाणी ग्रुप

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप फंड जुटाने के लिए अंबुजा सीमेंट की हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अंबुजा सीमेंट की प्रमोटर्स अडाणी फैमिली स्पेशल पर्पस व्हीकल्स ने लेंडर्स से संभावित शेयर बेचने के लिए इजाजत मांगी है। अडाणी ग्रुप अंबुजा सीमेंट में 4.5त्न हिस्सेदारी बेच सकती है। इससे अडाणी ग्रुप 3,000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। इस रकम का इस्तेमाल अडाणी ग्रुप अपना कर्ज उतारने में कर सकता है।

पिछले ही साल खरीदी थी अंबुजा सीमेंट- अडाणी ग्रुप ने पिछले साल सितंबर में अंबुजा सीमेंट और एसीसी में होल्सिम ग्रुप की पूरी हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह सौदे अडानी ग्रुप ने 10.5 अरब डॉलर में किए थे। होल्सिम ने अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अपनी 63.19त्न और एसीसी में 54.53त्न हिस्सेदारी अडानी ग्रुप को बेची थी।

अडाणी ग्रुप ने 7374 करोड़ रुपए का शेयर-बैक्ड लोन चुकाया- अडाणी ग्रुप ने 7374 करोड़ रुपए का शेयर-बैक्ड लोन समय से पहले चुका दिया है। मंगलवार को ग्रुप ने इसकी जानकारी दी है। अडाणी ग्रुप अपनी क्रेडिट प्रोफाइल से जुड़ी चिंताओं को कम कर निवेशकों का भरोसा फिर से जीतने की कोशिश कर रहा है। ग्रुप ने कहा, अडाणी एंटरप्राइजेज के प्रमोटर 3.1 करोड़ शेयर या 4त्न हिस्सेदारी रिलीज करेंगे, जबकि अडाणी पोर्ट्स के प्रमोटर 15.5 करोड़ शेयर या 11.8त्न हिस्सेदारी रिलीज करेंगे। अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी ट्रांसमिशन के प्रमोटर 1.2त्न और 4.5त्न हिस्सेदारी रिलीज करेंगे।

आईटेल ने लॉन्च किया ए60 स्मार्टफोन

नई दिल्ली, एजेंसी। 8 हज़ार से नीचे वाले सेगमेन्ट में अपने पोर्टफोलियो को सशक्त बनाते हुए भारत के सबसे पसंदीदा ब्राण्ड्स में से एक आईटेल ने 'सेगमेन्ट में पहली बार' पावर पैक्ड स्मार्टफोन आईटेल ए60 का लॉन्च किया है। आईटेल ए60 'सेगमेन्ट में पहली बार पेश किए गए' फीचर्स के साथ आता है जो लम्बी चलने वाली बैटरी एवं ड्यूल सिक्योरिटी के साथ यूज़र को बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। 6.6 इंच डिस्प्ल, पावरफुल 5000 एमएएच बैटरी और फिंगरप्रिन्ट सेंसर जैसे फीचर्स के साथ आईटेल ए60 रु 5999 की कीमत पर उपलब्ध है। टेक्नोलॉजी को हर किसी के लिए सुलभ एवं किफ़ायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध कंपनी के रूप में आईटेल ने एक बार फिर से ए60 के साथ नए मानक स्थापित किए हैं, जो अपने सेगमेन्ट में गेम चेंजर साबित होगा। इस लॉन्च पर बात करते हुए आईटेल इंडिया के सीईओ श्री अरीजीत तालपात्रा ने कहा, ''एक ब्राण्ड के रूप में हम समझते हैं कि भारत में आज भी 300 मिलियन लोग ऐसे हैं जो डिजिटल सेवाओं को अपनाकर अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं।

बिट्स पिलानी ने मुंबई में लॉन्च किया एक नए दौर का 'बिट्स लॉ स्कूल'

मुंबई, एजेंसी। भारत सरकार द्वारा 'इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस'का दर्जा हासिल करने वाले देश के शुरुआती विश्वविद्यालयों में से एक बिट्स पिलानी ने आज ग्रेटर मुंबई में बिट्स लॉ स्कूल के साथ कानूनी शिक्षा में कदम रखने का एलान किया। नए दौर के बिट्स लॉ स्कूल ने कानूनी शिक्षा के सभी पहलुओं की नए सिरे से कल्पना की है, जिसमें एक फ्लेक्सिबल और इंटरडिसिप्लीनरी पाठ्यक्रम होगा। साथ ही, सीखने की प्रक्रिया में एम्पथी और क्रिएटिविटी पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा, कार्यक्रमों में मजबूत डिजिटल आधार के साथ कानूनी लेखन और विद्वानों के शोध पर ध्यान केंद्रित करने का भी प्रयास रहेगा। संस्थान में विद्यार्थियों को उदारतापूर्वक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। बिट्स लॉ स्कूल दो बेहद लोकप्रिय पांच वर्षीय एकीकृत डिग्री प्रोग्राम, बी.ए. एलएलबी (ऑनर्स) और बी.बी.ए. एलएलबी (ऑनर्स) उपलब्ध होंगे। मार्च 2023 से शुरू होने वाले प्रवेश के साथ पहला शैक्षणिक वर्ष 1 अगस्त 2023 से शुरू होगा। इस अवसर पर बिट्स पिलानी के चांसलर श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, ''एक समान, विविध और समावेशी नॉलेज इकोनॉमी के रूप में भारत का उदय हमारे विश्वविद्यालयों और सीखने के विशेष केंद्रों के जरिये ही संभव होगा।

सोनी बीबीसी अर्थ ने फीलिंग अलाइव के 6 साल पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। अपनी छठी वर्षगाँठ के अवसर पर प्रमुख तथ्यात्मक मनोरंजन चैनल, सोनी बीबीसी अर्थ ने 6 प्रतिष्ठित शोज के साथ '6 ईयर्स ऑफ फीलिंग अलाइव' का समारोह मनाने के लिए एक विशेष श्रृंखला का संकलन किया है। यह चैनल कुछ सबसे आश्चर्यजनक शोज और विश्व-स्तरीय वृत्तचित्रों के द्वारा विज्ञान, प्रकृति, और प्रौद्योगिकी से सम्बंधित सामग्रियों के अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करके दर्शकों का मनोरंजन करता रहा है। प्राकृतिक जगत की सुन्दरता और जटिलता को दर्शाने वाली विश्व-स्तरीय प्रोग्रामिंग पेश करते हुए, सोनी बीबीसी अर्थ घर-घर में प्रकृति और विज्ञान प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय हो गया है। इस एनिवर्सरी स्पेशल श्रृंखला में 6 प्रतिष्ठित शोज शामिल हैं, जिन्हें पिछले 6 वर्षों के दौरान सोनी बीबीसी अर्थ के प्रोग्रामिंग में से सर्वश्रेष्ठ के रूप में चुना गया है।

नेक्सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा 'सबसे तेज' के2के ड्राइव के लिये इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपनी जगह बनाई

मुंबई, एजेंसी। टाटा मोटर्स, भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता और भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में सबसे आगे रहने वाली, ने आज यह घोषणा की है कि भारत की सबसे ज्यादा भरोसेमंद और सबसे ज्यादा चलने वाली नेक्सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक की 'सबसे तेज' ड्राइव करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सफलतापूर्वक अपनी जगह बनाई है। भारत के नंबर वन इलेक्ट्रिक वाहन नेक्सॉन ईवी ने सिर्फ 95 घंटे और 46 मिनट (4 दिन) में 4003 किलोमीटर की ड्राइव पूरी की है और मल्टी-सिटी ट्रिप्स के लिये अपनी क्षमता को सफलतापूर्वक साबित किया है। इसके अलावा, यह नॉन-स्टॉप ड्राइव भारत के राजमार्गों पर मौजूद पब्लिक चार्जिंग के विस्तृत और बेहतरीन नेटवर्क के कारण भी संभव हो सकी। पूरी यात्रा में फास्ट चार्जिंग के लिये केवल 21 स्टॉप्स पर कुल 28 घंटे खर्च करने के साथ नेक्सॉन ईवी ने न सिर्फ पूरी यात्रा में समय बचाया, बल्कि आईसीई वाहन की तुलना में उल्लेखनीय ढंग से खर्च भी बचाया। यात्रा के दौरान, नेक्सॉन ईवी को एक आम कार की तरह चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों और मौसम की कठिन स्थितियों में चलाया गया।

मरेंगो सिम्स अस्पताल ने महिलाओं में कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने एक टॉक शो आयोजित किया

अहमदाबाद, एजेंसी। भुज में मरेंगो सिम्स अस्पताल और के के पटेल अस्पताल ने महिलाओं में कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए टाउन हॉल वार्ता आयोजित करने के लिए हाथ मिलाया। दर्शकों में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों और आयु समूहों से 1,000 युवतियां शामिल थीं। आयु समूह 13 वर्ष से 20 वर्ष, स्कूल जाने वाले, कॉलेज जाने वाले, मेडिकल छात्र, फार्मेसी पढ़ने वाले छात्र और फिजियोथेरेपिस्ट थे। डॉक्टरों ने दर्शकों को शिक्षित करने के लिए 25,000 सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए कि कैसे निरंतर स्वच्छता और जीवनशैली उन बीमारियों को हराने में योगदान करती है जिन्होंने अतीत में मृत्यु दर को प्रभावित किया है। टॉक शो का नेतृत्व डॉ. अनघा ज़ोपे, स्तन कैंसर सर्जन, मरेंगो सिम्स अस्पताल, और डॉ मोना शाह, स्त्री रोग ऑन्को-सर्जन, मरेंगो सिम्स अस्पताल ने किया।स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर एक महत्वपूर्ण बीमारी का बोझ और राष्ट्र के लिए बढ़ती चिंता का कारण बन रहे हैं।

ऋषि सिंह से टोनी कक्कड़ ने कहा, आपकी आवाज़ प्लेबैक सिंगिंग के लिए परफेक्ट है

मुंबई, एजेंसी। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल - सीज़न 13 मनोज मुंतशिर और सिंगिंग सेंसेशंस टोनी कक्कड़ और श्रीलंकाई सिंगर योहानी की मौजूदगी में सेलिब्रेटिंग आर.डी. बर्मन स्पेशल एपिसोड पेश करेगा, जहां टोनी और योहानी पहली बार इस शो में पहुंचेंगे। कंटेस्टेंट्स की परफॉरमेंसेस का मज़ा लेने के साथ-साथ दोनों अपने गाने चुनरी में दाग को भी प्रमोट करेंगे।अयोध्या के ऋषि सिंह एक अजनबी हसीना से और ये जो मोहब्बत है गाने पर शानदार परफॉर्मेंस देते नजर आएंगे, जिसे सुनकर सभी हैरान रह जाएंगे! इतना ही नहीं, उनकी परफॉरमेंस के बाद टोनी कक्कड़ ने ऋषि की तारीफ करते हुए कहा, ऋषि, आपने वाकई बहुत अच्छा गाया! ये जो मोहब्बत है पर आपकी परफॉरमेंस ने पूरे सेट का माहौल बदल दिया। आपकी आवाज में कोर स्पेक्ट्रम है और इसकी एक विस्तृत रेंज है, जो प्लेबैक सिंगिंग के लिए परफेक्ट है।इतना ही नहीं, टोनी कक्कड़ सोशल मीडिया सेंसेशन ऋषि सिंह और योहानी दिलोका से मनिके मागे हिथे गाने पर एक साथ परफॉर्म करने की गुजारिश करेंगे, जो सभी को बहुत पसंद आएगा।

यूएस का सिलिकॉन वैली बैंक बंद

लगातार घाटे और फंडिंग न मिलने से शेयर 60% गिरे, अमेरिकी इतिहास में बैंक डूबने का दूसरा बड़ा मामला

कैलिफोर्निया। अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा बैंक- सिलिकॉन वैली बैंक को रेगुलेटर्स ने बंद करने का आदेश दिया है। कैलिफोर्निया के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल प्रोटेक्शन और इनोवेशन ने ये आदेश जारी किया है। बैंक की मूल कंपनी SVB फाइनेंशियल ग्रुप के शेयरों में 9 मार्च को करीब 60त्न की गिरावट आई। इसके बाद इसे कारोबार के लिए रोक दिया गया। ये अमेरिका के इतिहास में 2008 के वित्तीय संकट के बाद अब तक का सबसे बड़ा फेल्योर हैं।

रॉयटर्स के मुताबिक, SVB के शेयर गिरने की वजह से पिछले 2 दिनों में अमेरिकी बैंकों को स्टॉक मार्केट में 100 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। वहीं यूरोपियन बैंकों को 50 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को सिलिकॉन वैली बैंक टेकओवर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उसे ग्राहकों का पैसा सुरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी दी गई है। सिलिकॉन बैंक अब 13 मार्च को खुलेगा जिसके बाद सभी इंश्योर्ड डिपाजिटर्स के पास अपने डिपोजिट्स निकालने की छूट होगी।

2.5 करोड़ रुपए तक की जमा राशि ही होगी वापस- बैंक के पास 2022 के आखिर तक 209 अरब डॉलर की संपत्ति और 175.4 अरब डॉलर की जमा राशि थी। इसमें से 89त्न राशि इंश्योर्ड नहीं थी। ग्राहकों की 250,000 डॉलर(2.5 करोड़ रुपए) तक की जमा राशि को F.D.I.C इंश्योरेंस में कवर किया गया है। यानी बैंक बंद होने के बाद भी ये पैसा ग्राहक को वापस मिल जाएगा। वहीं अभी इस बात की कोई गारंट नहीं है कि जिन जमाकर्ताओं के खातों में इससे ज्यादा रकम जमा है उन्हें उनका सारा पैसा वापस मिलेगा या नहीं। हालांकि, FDIC ऐसे ग्राहकों को एक सर्टिफिकेट देगा।

मिलावटखोरों के हौसले बुलंद, मिठाइयों में मिलावट कर लोगों परोसा जा रहा मीठा ज़हर

- **बैरसिया में जांच के नाम पर खानापूर्ति**

बैरसिया।। राजधानी भोपाल के बैरसिया विकास खण्ड में फूड विभाग की अनदेखी के चलते खाद्य पदार्थों में मिलावट व एक्सपायरी डेट की मिठाई बेचने का काला कारोबार जोरशोर से चल रहा है। इस मिलावट से लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ से न तो स्थानीय प्रशासन को कोई मतलब है ना ही फूड विभाग में इतनी ताकत है जो मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कदम उठा सके। लिहाजा मिलावटी मिठाइयों,का धंधा जोरों से चल रहा ऐसा ही एक मामला होली के दिन सामने आया जहां एक होटल संचालक द्वारा एक युवक को एक्सपायरी डेट की सोन पापड़ी मिठाई दी गई युवक ने जिसका विरोध किया तो होटल संचालक मिठाई का डिब्बा वापिस लेकर युवक पर ही रौप जमाने लगा युवक ने जिसकी शिकायत फ़ूड स्पेक्टर के साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई दरअसल जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही लोगों के लिए भारी पड़ रही और बैरसिया में मिलावटी माफियाओं पर कोई कार्रवाई न होने के चलते मिठाइयों में खुले आम मिलावट का धंधा चल रहा है। इसमें माफिया द्वारा जमकर चांदी कूटी जा रही है तो दूसरी ओर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। वर्तमान में शादी व त्योहारों का सीजन चल रहा है। जिससे दूध,पनीर व मिठाइयों की मांग काफी बढ़ चुकी है,ऐसे में दुकानदारों द्वारा मिठाइयों में मिलावट एवं एक्सपायरी सामान बेचा जा रहा है। मिठाइयों में मिलावट कर लोगों को मीठा ज़हर परोसा जा रहा। बैरसिया में मिलावट की शिकायत पर आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम द्वारा बैरसिया के शुभम रेस्टोरेंट से मावा बर्फी, गुप्ता एंड संस विदिशा रोड़ से घी के नमूने लिए गए। यह जानकारी मोबाइल पर खाद्य विभाग के एफ. एस. ओ जेपी विश्वकर्मा ने दी जब उनसे कारवाई के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम कार्रवाई तो कर दिए हैं हमारे यहां तीन तरह के टारगेट हैं एक सिविलयंस एक इंस्पेक्शन, और लीगल सैंपल जो हमने तीनों किए हैं। बाकी जानकारी हमारे हेड क्वार्टर के अधिकारी डीके वर्मा और देवेंद्र दुबे देते हैं हम लोग बाइट के लिए अधिकृत नहीं है।

आईआईटी जोधपुर ने सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए हल्ट प्राइज प्रतियोगिता का आयोजन किया

जोधपुर, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगि की संस्थान जोधपुर ने एनईपी 2020 (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के आदर्शों पर आगे बढ़ते हुए जोधपुर शहर में हल्ट पुरस्कार प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया। इसमें उद्यम पर जोर देने वाले विभिन्न संस्थानों ने परस्पर सहयोग दिया है। हल्ट पुरस्कार एक विश्वस्तर पर प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमिता प्रतियोगिता है जो ऐसे इनोवेटिव सामाजिक उद्यमियों की पहचान और समर्थन करना चाहती है जो समाज के कुछ सबसे अहम मुद्दों का समाधान कर सकते हैं।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर (आईआईटीजे) ने शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में हल्ट प्राइज के साथ भागीदारी कर अपने कैंपस में प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस वर्ष प्रतियोगिता का थीम 'रीडिजाइनिंग फैशन है।आईआईटीजे का यह मानना है कि समाज की बड़ी समस्याओं के सार्थक समाधान के लिए विभिन्न विषयों को आपस में जोड़ने का दृष्टिकोणअपनाना ज़रूरी है।इसलिए संस्थान ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी जोधपुर (एनआईएफटीजे) और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट जोधपुर(एफडीडीआईजे)के साथ सहयोग करार किया ताकि विभिन्न संस्थानों के छात्रों के बीच परस्पर सहयोग बढ़े।कैंपस स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के परस्पर मिलकर तैयार 21 टीमों ने भाग लिया।कैंपस स्तरीय प्रतियोगिता में आईआईटीजेएन आईएफटीजेऔर एफडीडीआईजेके 70 छात्रों ने मिलकर भाग लिया।

अमेज़न इंडिया ने सेल्स अमेजन का दूसरा संस्करण लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमेज़न इंडिया महिलाओं के अभिनव उत्साह, नेतृत्व एवं उत्कृष्टता का उत्सव मना रही है। इस साल की थीम 'एम्ब्रेस इक्विटी' के अनुसार अमेज़न इंडिया ने लगातार दूसरे साल एक कैम्पेन 'शी इज़ अमेज़न' लॉन्च किया है, जोकि महिलाओं की वर्कफोर्स में सस्टेनेबल वृद्धि के मार्ग बनाने और महिलाओं के अवसर बढ़ाने के लिये अमेज़न इंडिया की पहलों पर रोशनी डालता है। यह कैम्पेन ऐसी महिलाओं को प्रकाश में लाता है, जो कुछ ना कुछ नया करने में सबसे आगे रही हैं, और कंपनी के भीतर कई लोगों के लिये आदर्श या प्रेरणा का स्रोत हैं। अमेज़न इंडिया ने देश में महिलाओं के लिये हजारों अवसर निर्मित किये हैं, चाहे र अमेजन.इन पर अपने उत्पादों को बेचने वाले छोटे बिज़नेस मालिक हों या कंपनी के फुलफिलमेंट और डिलीवरी नेटवर्क में पार्टनर्स हों, अप्लाईड साईंस में काम करने वाले टेक कर्मचारी हों, या कॉर्पोरेट स्पेस में लीडर हों, महिलाएं अमेज़न के व्यवसायों में विभिन्न भूमिकाओं में आगे बढ़ रही हैं और विभिन्न समुदायों में स्तर को ऊँचा कर रही हैं। विश्व में अमेज़न बिजनेस ने नीतियों, फायदों, कार्यक्रमों और पहलों के विकास और विस्तार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये हैं, ताकि कंपनी में विभिन्न भूमिकाओं में विभिन्न स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो।

शिक्षा मंडल, धारावी बैंक और रूहानियत सीजन 2 के साथ एमएक्सप्लेयर भारत में 2022 के सीओटीटी के टॉप 10 ओटीटी शो में टॉपपोजीशन पर है

मुंबई, एजेंसी। एमएक्स प्लेयर ने एक बार फिर भारत में ओटीटी प्लेटफार्मों के बीच उच्चतमरूप में अपनी स्थिति मजबूत कर लिया है और क्रोम ओटीटी (सीओटीटी) द्वारा 2022 की सूची के टॉप 10 ओटीटी शो में उच्च स्थान हासिल किया है। प्लेटफार्म के तीन शो - शिक्षा मंडल, धारावी बैंक और रूहानियत सीजन 2 टॉप लिस्ट में हैं। एमएक्स प्लेयर की वेबसीरीज ने लगातार सफलता देखी हैऔर इसने भारतीय ओटीटी स्पेस में प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, डिज्नी+हॉटस्टार और ज़ी5 जैसे अन्य को पीछे छोड़ दिया है। एमएक्सप्लेयर की ओरिजिनल क्राइम थ्रिलर सीरीज शिक्षा मंडल ने 39.10 मिलियनव्यूज के साथ नंबर 2 स्थान हासिल किया, जबकि सुनील शेट्टी की अत्यधिकप्रशंसित ओटीटी डेब्यू धारावी बैंक ने 33.04 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 4 हासिल किया है। रूहानियत सीजन 2 को 25.95 मिलियन व्यूज के साथनौवें स्थान पर है। यह उपलब्धि अपने दर्शकों को उच्च-गुणवत्ता औरआकर्षक मनोरंजन प्रदान करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता का एकवसीयतनामा है।

एमएक्स प्लेयर सफलतापूर्वक इस लिस्ट में तीन स्थानों को सुरक्षित करने मेंकामयाब रहा है, डिज्नी + हॉटस्टार का क्रिमिनल जस्टिस- अधुरा सच 70.36 मिलियन और 37.71 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 1और हाउस ऑफड्रैगन्स नंबर 3 का स्थान हासिल किया है। स्थ्ठ4द्ध1 के महारानी सीजन 2 ने 32.65 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 5 का पोजीशन हासिल किया है, जबकि नेटफ्लिक्स के दिल्ली क्राइम सीजन 2 ने 31.51 मिलियन व्यूज केसाथ नंबर 6 स्थान हासिल किया है। प्राइम वीडियो के द लॉर्ड ऑफ दरिंग्स- द रिंग्स ऑफ पावर और ज़ी5 के दुरंगा ने 31.20 मिलियन और 28.98 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 7 और नंबर 8 का स्थान हासिल किया है। अंतमें, नेटफ्लिक्स के जामताड़ा सीजन 2 ने 25.75 मिलियन व्यूज की पहुंच केसाथ इस लिस्ट में नंबर 10 स्थान हासिल किया है।

पंकज कृष्णा, संस्थापक और सीईओ, क्रोम डेटा एनालिटिक्स एंड मीडिया नेकहा, मनोरंजन अशांत समय के दौरान आशा और निराशा के लिए एकविशाल स्टेबलाइज़र के रूप में कार्य करता है। मनोरंजन आंदोलन कानिर्माण करता है, कभी-कभी सामूहिक चेतना भी तनावपूर्ण वास्तविकताओंऔर अस्पष्ट त्रासदियों को पार कर जाती है। जिसे ओटीटी प्लेटफार्मों नेनिश्चित रूप से क्रैक किया है।

बढ़ती कॉर्ड-कटिंग घटना ने आगे के समय केलिए एक जीत के फार्मूले की अवधारणा की अभूतपूर्व संख्या के साथ एकआशाजनक भविष्य को और मजबूत किया है।

बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड की नई फिल्म क्लास को नेटफ्लिक्स पर मिली ग्लोबल सक्सेस

ग्लोबल टॉप 10 में फीचर हुई फिल्म

मुंबई, एजेसी। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड भारत का एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस, जो विभिन्न शैलियों में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और व्यवसायिक रूप से सफल फिल्मों के निर्माण के लिए जाना जाता है, द्वारा स्टॉक एक्सचेंजेस को सूचित किया है कि इसकी बहुप्रतीक्षित वेब श्रृंखला, क्लास नेटफ्लिक्स स्ट्रीमिंग पर एक वैश्विक सफलता बन गई है। शो को आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। 3 फरवरी को रिलीज होने के बाद से ही यह शो भारत में टॉप शो में प्रमुखता से ट्रेंड कर रहा है। क्लास ने 6 फरवरी- 12 फरवरी 2023 के सप्ताह में नेटफ्लिक्स के वैश्विक स्तर के शीर्ष 10 शो में भी प्रवेश किया है। इसे उस सप्ताह विश्व स्तर पर घंटों देखा गया था। शो को डेडलाइन जैसे सबसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों से दुनिया-भर में शानदार समीक्षा मिली है। यह शो 13 से ज्यादा देशों में टॉप 10 में ट्रेंड कर रहा है।नए कलाकारों की एक प्रतिभाशाली अभिनीत श्रृंखला जल्दी से प्रशंसकों की पसंदीदा बन गई है। क्लास नेटफ्लिक्स की अंतर्राष्ट्रीय शीर्षक का पहला भारतीय रूपांतरण भी है।



ओप्पो इंडिया ने इनोवेशन और उद्यमशीलता लाने के लिए आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसायटी के साथ समझौता किया

नई दिल्ली, एजेंसी। अग्रणी स्मार्टफोन ब्रांड, ओप्पो इंडिया ने आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसायटी (एपिस) के साथ समझौतापत्र पर हस्ताक्षर किया। एपिस आंध्र प्रदेश में डीप टेक स्टार्टअप्स को सहयोग करने और उद्यमशीलता के परिवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य की नोडल एजेंसी है। इस समझौतापत्र पर हस्ताक्षर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में ओप्पो इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट एवं इंडिया आरएंडडी हेड, श्री तसलीम आरिफ और आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसायटी के चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, अनिल कुमार तेंतु के बीच किया गया। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश सरकार में मिनिस्टर फॉर इंडस्ट्रीज़, इन्फ्रास्ट्रख्र, इन्वेस्टमेंट एवं कॉमर्स, इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी एवं हैंडलूम और टैक्सटाईल्स श्री गुडीवडा अमरनाथ भी मौजूद थे। ओप्पो इंडिया और एपिस का उद्देश्य देश में इनोवेशन की संस्कृति का विकास करना और उन स्टार्टअप्स की मेंटरिंग करना है, जो उद्योग में अगला बड़ा टेक्नॉलॉजिकल परिवर्तन लाने की सामर्थ्य रखते हैं।

अगली पीढ़ी का मोबिल 1टीमए इंजन ऑयल चैंपियनशिप जीतने वाला प्रदर्शन करता है

मुंबई, एजेंसी। इक्षोन मोबाइल ने अपने श्रेष्ठतम पूर्ण रूप सेसिंथेटिक इंजन ऑयल, मोबिल 1टीएम ट्रिपल एक्शन पावर+ को लोकार्पणकिया,जो विशेष रूप से ईंधन की न्यूनतम खपत और अतिरिक्त लाभ के साथ इंजन के उत्कृष्ट प्रदर्शन, सुरक्षा और स्वच्छता प्रदान करके कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति का बेहतरीन कार्य प्रदर्शन करने में मदद करने हेतुतैयार किया गया है। विपिन राणा, सीईओ,इक्षोन मोबाइल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमने अपने मोबिल 1 इंजन ऑयल का परीक्षण प्रयोगशाला में, सड़क पर, और और विश्व के कुछ सबसे कठिन मार्गों पर, अधिकतम ऊँचाई वाले, और वास्तविक जीवन परिस्थितियों की प्रतिकृति करते हुए करते हैं। फॉर्मूला वन मोबिल 1 इंजन ऑयल के लिए अंतिम परीक्षण आधार है, जो रेस कारों के सभी चलने वाले हिस्सों में घर्षण और घिसने को कम करने में मदद करता है।

दक्षिण पूर्व रेल्वे की नई डीआरएम श्रीमती नमिता त्रिपाठी

छिंदवाड़ा । श्रीमती नमिता त्रिपाठी ने मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्यद्ध रेल नागपुर मंडल का पदभार किया। वे भारतीय रेल वित्तद सेवा (IRAS) के 1992 बैच से है । श्रीमती नमिता जी ने अपने कैरियर की शुरूआत 1995 में सहायक मंडल वित्ति प्रबंधक, मध्यत रेल, नागपुर मंडल से की थी । इन्होमनें मध्य रेल, उत्तकर रेल और रेलवे बोर्ड के कई वरिष्ठल व महत्व्पूर्ण पदों पर कार्य किया है । मंडल रेल प्रबंधक, द.पू.म.रे., नागपुर में पदस्थर होने के पहले वे मध्यं रेल में वित्तर सलाहकार एवं मुख्यष लेखा अधिकारी के रूप में कार्यरत थीं । उन्होनें निदेशक, (वित्तल वाणिज्य) रेल्वे बोर्ड के पद पर कार्य करते हुए भारतीय रेल पर Dynamic Pricing को प्रस्ताजवित करने में प्रमुख भूमिका निभाई है । इन्होनें मध्यद्द रेल के उप मुख्य विजिलेन्सप अधिकारी का पद भी बखूबी सम्हाहला है । आपने U.K.के University of Leeds से Development Studies में मास्टरर्स डिग्री ग्रहण की है एवं उन्हेंर प्रतिष्ठित Chevening Fellowship भी प्रदान की गयीं है ।

पेशनर्स एसोसिएशन मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह 12 मार्च को

छिन्दवाड़ा । म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल जिला शाखा छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपप्रांतीय उपाध्यक्ष के.एस.सेंगर ने बताया कि दिनांक 12 मार्च 2023 दिन रविवार को शासकीय जवाहर कन्या शाला सब्जी मंडी छिन्दवाड़ा में समय 12:30 बजे से मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुये प्रांतीय संगठन के द्वारा पेंशनरों की मांगों के लिये प्रस्तावित उग्र आंदोलन भोपाल में किये जाने की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी जायेगी एवं प्रांतीय संगठन द्वारा पेशंनरों की जायज मांगों के लिये लगातार किये जा रहे प्रयासों के संबंध में चर्चा कर जिला की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। अत: सभी सम्माननीय पेशंनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनायें ।

पुजारी संघ का विस्तार

छिन्दवाड़ा । मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा नए सदस्य एवं संगठन का विस्तार किया गया प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित विनोद तिवारी, जिलाध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी के द्वारा नए सदस्य बनाए गए जिला उपाध्यक्ष पंडित सुरेश शर्मा नगर युवा अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा नगर मीडिया प्रभारी पंकज दुबे नगर उपाध्यक्ष मयूर एवं नए सदस्य सदस्य बनाये गए जिसमें समस्त मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ की टीम की ओर से बधाई दी।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि नेमा ने AIAPGET में जिले का नाम रोशन किया

छिंदवाड़ा । माल्हनवाडा में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पवन नेमा ने AIAPGET में छिंदवाड़ा जिले का नाम रोशन किया है। डॉ रश्मि पवन नेमा माल्हनवाडा में विगत 7 साल से आयुष विभाग में अपनी सेवायें दे रही हैं उनका चयन नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ आयुर्वेद जयपुर में एम. एस. प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में हुआ है। आल इण्डिया इन- सर्विस कोटा में मात्र एक पद था जिसमे छिन्दवाड़ा से पहली बार किसी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी का सलेक्शन हुआ है। डॉ. रश्मि पवन नेमा ने अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने परिवार के साथ एवं गुरूजनों के मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर छिन्दवाड़ा के जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ दत्तात्रेय भदाड़े, योग प्रशिक्षक डॉ पवन नेमा सहित सामाजिक बुद्धिजीवियो ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

धूमधाम से एकादशी को मनाई जाएगी मां कर्मा जयंती

मां कर्मा जयंती को लेकर बैठक

अमरवाड़ा । नगर के राम मंदिर में मां कर्मा जन्मोत्सव के तत्वाधान में साहू समाज की बैठक हुई।मां कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साहू समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण साहू ने बताया हर साल की तरह इस वर्ष भी मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी जो18 मार्च एकादशी को जगदेव मातेश्वरी में स्थित कर्मा देवी मंदिर प्रांगण में जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 8 बजे में पूजन किया जाएगा। मंदिर प्रांगण से रथ यात्रा निकाली जाएगी नगर से यात्रा पूर्ण होने पर मंदिर परिसार में मुखारबिंद से मां कर्मा की महिमा सुनाई जाएगी मंदिर प्रांगण में खिचड़ी प्रसाद के बाद भोजन की व्यवस्थाएं की गई है बैठक में उपस्थित पहलाद साहू दिनेश साहू सुखदयाल साहू गणेश साहू तुलसी राम साहू कुंदन साहू संतोष साहू प्रदीप पप्पू साहू नितेश साहू राजेंद्र साहू साहू कामता साहू पप्पू साहू राजेश साहू कमलेश साहू सुमित साहू अजय साहू सोनू साहू नीलेश साहू गोविंद साहू श्याम साहू आदि उपस्थित रहे सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित हुए।

खनिज अधिकारी पालेवार का स्थानांतरण

छिन्दवाड़ा । जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवार का छिंदवाड़ा से स्थानांतरण कर उन्हें भोपाल में अटैच कर दिया गया है। श्री पालेवार को आगामी आदेश तक संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल में पदस्थ किया गया है। उनके आदेश में तत्काल रिलीव करने को कहा गया है। श्री पालेवार विगत 4 वर्षो से छिंदवाड़ा में पदस्थ थे।

पीआईयू की लापरवाही से अभी तक नहीं बना नेशनल म्यूजियम

केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण कर जताई नाराजी, केन्द्रीय गृहमंत्री के हाथों लोकार्पण था प्रस्तावित

छिंदवाड़ा । आदिवासी बहुल्य जिला होने के साथ छिंदवाड़ा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्म स्थली है और यहां उनके नाम से राष्ट्रीय संग्रहालय बन रहा है इसके अलावा देवगढ़ और पातालकोट भी है जो आदिवासियों की पहचान माने जाते हैं केन्द्र सरकार ने पातालकोट को धरोहर घोषित कर यहां के भारिया आदिवासियों को मालिक बना दिया है विकास के नाम पर सरकार ने करोड़ों रूपए का बजट दे रखा है केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 25 मार्च को छिंदवाड़ा आएंगे उनके आगमन पर बड़े कार्यक्रम बतौर उनके हाथो इस राष्ट्रीय संग्रहालय का लोकार्पण होता किन्तु अभी तक भवन बनकर तैयार नहीं हो पाया है विकास के अनेक कार्य अधूरे हैं 6 माह पहले ही केन्द्र सरकार के अधिकारी म्यूजियम के निरीक्षण पर आए थे और निर्देश दिए थे कि मार्च तक हर हाल में कार्य पूरा हो जाना चाहिए किन्तु अभी तक हालत लोकार्पण लायक नहीं है पीआईयू की लापरवाही से चार वर्ष में काम पूरा नहीं हो पाया है। इस संबंध में जब पीआईयू के अधिकारी निलेश गुप्ता से चर्चा करना चाही तो उनका मोबाईल बंद था।

इन अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

शुक्रवार को मध्यप्रदेश आदिवासी विकास विभाग की प्रमुख सचिव पल्लवी जैन, केन्द्रीय विभाग के सयुंक्त सचिव डॉ.नवल कपूर, सचिव अनंत कुमार झा, आदिवासी रिसर्च सेंटर की सोनिया मीणा, रीता सिंह छिंदवाड़ा पहुंची थी उन्होने कलेक्टर शीतला पटले के साथ म्यूजियम का दौरा किया और यहां बन रहे भवन को देखकर कार्य की लेट लतीफी पर नाराजगी जताई है अधिकारियों ने आदिवासी विकास विभाग की वन्या टीम को म्यूजियम डेवलपमेंट कार्य को देखकर शीघ्रता से पूरा करने के लिए कहा कि पानी तरह रूपया बहा दिया फिर भी कार्य संतोष जनक नहीं है।

18 करोड़ खर्च हो चुके 15 करोड़ और होंगे

भवन में अभी तक 18 करोड़ खर्च हो चुका है और करीब 15 करोड़ के और कार्य होना है। संग्रहालय का यह प्रोजेक्ट करीब 34 करोड़ का है जिसमें अकेले 22 करोड़ केवल बिल्डिंग के लिए है इसमें म्यूजियम सामग्री प्रदर्शन के लिए आठ गैलरी, सेन्ट्रल हाल, आर्ट गैलरी, ग्रन्थालय, बगीचा केम्पस सहित अनेक निर्माण संग्रहालय के तय मानक पर होना है।

केन्द्र ने दिया राष्ट्रीय संग्रहालय का दर्जा

बताया जाता है कि 14 एकड़ भूमि में यह आदिवासी म्यूजियम है जो पहले राज्य स्तरीय संग्रहालय था चार वर्ष पहले केन्द्र सरकार ने इसे राष्ट्रीय संग्रहालय का दर्जा देकर डेवलपमेंट के लिए 34 करोड़ का प्रोजेक्ट दिया लेकिन कार्य की मंथर गति के चलते यह अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ। सेंट्रल और प्रदेश से छिंदवाड़ा आए अधिकारी म्यूजियम के निरीक्षण के बाद देवगढ़ के लिए रवाना हुए हैं आधिकारी पातालकोट और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्म स्थली भी जाएंगे।

मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम में जिले के 28 हितग्राहियों का चयन

अभी तक 25 हितग्राहियों से 567075 रूपये की मिली अंशदान की राशि

छिन्दवाड़ा । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेन्द्र नारायण के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम में जिले के दो आदिवासी विकासखण्डों तामिया और जुन्नारदेव के भारिया जनजाति के हितग्राहियों को 90 प्रतिशत अनुदान व हितग्राही के 10 प्रतिशत अंशदान पर 2 दुधारू गाय अथवा मुर्रा भैंस उपलब्ध कराई जायेगी । इसमें देशी नस्ल की दुधारू गाय की कीमत 75 हजार रूपये और मुर्रा भैंस की कीमत एक लाख रूपये प्रति पशु है । इस योजना के अंतर्गत अभी तक भारिया जनजाति के 28 हितग्राहियों का चयन किया जा चुका है जिसमें से 3 हितग्राहियों को 2-2 दुधारू गाय और 25 हितग्राहियों को 2-2 दुधारू भैंस 90 प्रतिशत अनुदान पर प्रदाय की जा रही है। हितग्राहियों का चयन मिल्क रूट पर किया गया है जिससे दुग्ध का विक्रय आसानी से हो सके । अभी तक 25 हितग्राहियों से 5 लाख 67 हजार 75 रूपये के अंशदान की राशि प्राप्त हो चुकी है जिसे म.प्र. राज्य पशुधन एवं कुक्कट विकास निगम भोपाल को प्रेषित किया जा चुका है । उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में वृध्दि करना, हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना, पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृध्दि कर रोजगार के अवसर प्रदाय करना और कुपोषण दूर करने के साथ ही उच्च क्षमता के गौ-वंशीय पशुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का चयन संचालक पशुपालन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार उप संचालक पशुपालन डॉ.पक्षवार, सांची दुग्ध संघ छिन्दवाड़ा के प्रभारी अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार जोशी, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी तामिया डॉ.प्रियंका मर्सकोले और फील्ड सुपरवाइजर छिन्दवाड़ा, तामिया व जुन्नारदेव दिनेश यदुवंशी द्वारा सयुंक्त रुप से किया जा रहा है ।

25 मार्च को आएंगे केंद्रीय मंत्री अमित शाह छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा । केंद्रीय मंत्री अमित शाह 19 मार्च के स्थान पर 25 मार्च को छिंदवाड़ा आएंगे बादलभोई के स्थान पर ना जाकर आचार कुंड में दादा धूनी वाले के दरबार में दर्शन करेंगे बताया जाता है की 25 मार्च को सुबह आएंगे आचार कुंड जाएंगे वहां दर्शन करेंगे उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और दोपहर में पुलिस ग्राउंड में आम सभा को संबोधित करेंगेछिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ रहा है और यहां के नेता कमलनाथ है उनके पुत्र सासद हैं सातो विधानसभा कांग्रेस की है उन्होंने विधानसभा के चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है वह उनके पुत्र जिले का दौरा कर रहे हैं बताया जाता है की भाजपा के निशाने में इस बार छिंदवाड़ा भी है

धुरेड़ी के दिन लापरवाही पड़ी भारी, हाईवे पर हुआ हादसा

छिंदवाड़ा। रंगो का त्यौहार होली जिले में धूमधाम से मनाया गया इस दिन रंग गुलाल लगाकर लोगों ने खूब मौज मस्ती की। वहीं लापरवाही ने दो घरों के चिराग छीन लिए पांढुर्ना में सड़क दुर्घटना में फिर दो युवकों की मौत हो गई धुरेड़ी के दिन यह घटना पांढुर्ना-अमरवती स्टेट हाईवे में एक फैक्ट्री के पास घटित हुई एक अज्ञात वाहन बाईक सवारों को टक्कर मारकर फरार हो गया एक ही बाईक में होली के रंगों की मस्ती में चार युवक अपने दोस्तों को रंग लगाने जा रहे थे कि हाईवे क्रॉस करते समय तेज गति से आ रहे वाहन की चपेट में आ गए घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया इसमें दो युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया है। पुलिस फरार वाहन की तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के दूसरे दिन पांढुर्ना के संतोषी माता और मेघनाद वार्ड निवासी रूपेश पिता विकास बारंगे, बैभव पिता राजकुमार वानखेड़े, आकाश और समीर जो 18 से 19 वर्ष के हैं होली की मस्ती में एक ही बाइक सवार में घूम रहे थे। घटना में रूपेश बारंगे और वैभव वानखेड़े की घटना स्थल पर मौत हो गई और आकाश और समीर घायल हो गए। इस घटना से क्षेत्र में मातम का माहौल रहा टीआई राकेश बघेल ने बताया कि मृत युवकों के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है घायल दो युवकों का इलाज नागपुर में चल रहा है।

धूमधाम से मनाया रंगोत्सव का त्यौहार

रंगोत्सव का त्यौहार जिले में धूमधाम से मनाया गया होली के दिन सुबह से रंग गुलाल लगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर खूब मस्ती की ज्यादातर युवाओं में इस दिन उत्साह का माहौल देखने को मिला। धुरेड़ी के दिन भर लोगों ने मस्ती की। कलेक्टर के बंगले पहुंचकर अधिकारियों और आम लोगों ने रंग गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई दी।

होली त्यौहार में निकाली पुरानी रंजिश, की गई मारपीट

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम धसनवाड़ा मैं नवीन वर्मा की होली के दिन ग्राम के ही युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर नितेश सतीश संजू ने गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी पर पुलिस द्वारा भादवी की धारा 294 323 506 34 मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

फांसी पर लटकी मिली नवयुवती

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोड़ी चौकी के ग्राम भोकई मैं बुधवार की दरमियानी रात्रि लगभग 12 बजे रीना पीपर्डे उम्र 22 वर्ष निवासी ब्लॉक नंबर 11 नंबर 121 भोकई कॉलोनी की रहने वाली नवयुगती फांसी पर लटकी पाई जाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस प्रधान आरक्षक इंद्रजीत ने मौका स्थल पर पहुंचकर मर्ग

बूथ क्रमांक 241 और 242 की संयुक्त बैठक

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा नगर मण्डल 2 वार्ड क्रमांक दो गायत्री वार्ड में बूथ क्रमांक 241 और 242 की संयुक्त बैठक में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू द्वारा संसद के संयुक्त अधिवेशन में बजट सत्र पर दिए गए अभिभाषण पर चर्चा की गई एवं बूथ सशक्तिकरण पर भी पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा की गई । इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी आशीष अग्रवाल बूथ क्रमांक 241 के अध्यक्ष गुरुप्रसाद मालवीय बूथ क्रमांक 242 के महामंत्री राजेश उपाध्याय प्रकाश शर्मा पार्षद श्रीमती शोभना राय शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष राय , प्रकाश शर्मा , आभा शर्मा , तस्लीम ठाकुर , बूथ क्रमांक 63 के महामंत्री अभिषेक राय , रामफल साहू , दशरथ वर्मा समेत क्षेत्र के पदाधिकारी पेज प्रभारी उपस्थित थे ।

शारदा प्रोजेक्ट और मोआरी में सीटू युनियन ने ली गेट मीटिंग

परासिया । सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू), किसान सभा,खेतिहर मजदूर के संयुक्त आह्वान पर पूरे देश में मंहगाई, बेरोजगारी, फसल की सही कीमत और कई फसलों पर एमएसपी पर खरीदने तथा नये-नये कोड बिल सहित कोयला उद्योग के कामगारों का ग्यारहवां वेतन समझौता जल्द लागू करने के मुद्दों को लेकर कामगारों के बीच पहुंचकर जनजागरण अभियान चला रही है। जिस अभियान के तहत एक मार्च से दस मार्च तक सभी खदानों में गेट मीटिंग की जा रही। शारदा प्रोजेक्ट और मोआरी भूमिगत खान में गेट मीटिंग लेकर कामगारों को संबोधित करते हुए, ग्यारहवें वेतन समझौता को जल्द लागू करने प्रबंधन के साथ केंद्र सरकार के द्वारा की जा रही देरी पर सभी वक्ताओं ने उन्हें आड़े हाथों लिया। सरकार की मजदूर किसान विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने जनता जनार्दन तथा ठेकेदारी कामगारों सहित सभी से आह्वान किया। मंहगाई और अन्य मुद्दों पर वर्तमान सरकार चुप्पी साधे हुए हैं, कई तरह के हथकंडे अपनाकर जनता को गुमराह करने तंत्र लगा रखी हैं, अपने खास कारपोरेट मित्र घरानों के घोटाले और लूट को बचाने में लगी हुई हैं। देश के सार्वजनिक क्षेत्रों को बर्बाद करने और पूंजिपतियों को खुश करने कानूनों में बदलाव और संशोधन करते जा रही हैं। जिसके विरोध में हल्ला बोलने पांच अप्रैल को दिल्ली में महारैली में लाखों कि संख्या में मजदूर, किसान, खेतिहर मजदूर, महिलाएं, बेरोजगार, नौजवान दिल्ली कूच करेंगे । कोयलांचल क्षेत्र से भी सैकड़ों लोग शामिल होने के लिए कामगारों को संबोधित करने लाल झंडा कोल माईंस मजदूर यूनियन सीटू कन्हान पेंच क्षेत्र से आह्वान किया जा रहा है, गेट मीटिंग संबोधित करने युनियन के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, महासचिव मीरहसन, वरिष्ठ सचिव मार्कंडेय मिश्रा, सचिव अशोक भारती, सहित शशिकपूर भारती, नितिन साहनी, विनोद साहू,भण्डोल चौधरी, विदेशी भारती , विजेन्द्र,सर्जुन तथा कामगार उपस्थित रहे।

कोबरा को दिया जीवन दान

छिन्दवाड़ा । नगर के परासिया मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग कालोनी में विवेक विश्वकर्मा के निवास के पास एक सप्ताह से एक विशाल सर्प विचरण करते हुए दिख रहा था। जिससे क्षैत्रवासी बहुत अधिक घवराये हुए थे।क्षेत्र वासियों को शुक्रवार की दोपहर सर्प विचरण करते हुए दिखा जिसकी सूचना शैलेन्द्र चौहान ने सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक अहिंसा प्रेमी दीपकराज जैन को दी।दीपकराज जैन तुरंत ही सर्प मित्र अतुल तुर्के एवं अभिषेक ठाकुर को लेकर सिंचाई कॉलोनी पहुंचे और दो घण्टे की कड़ी महेनत के बाद इस विशाल सर्प का रेक्सयू कर उसे महामंत्र णमोकार सुनाया। यह विशाल सर्प कोबरा प्रजाति का नाग था। जिसे सर्प मित्रों द्वारा सकुशल पकड़कर सिल्लेवानी के जंगल में छोड़ दिया।इस जीव दया एवं अहिंसामय नेक कार्य के लिए विवेक विश्वकर्मा के साथ यशवंत तिवारी, शैलेन्द्र चौहान, धनपाल बिसेन, विजय वर्मा, दिनकर सुहागपुरे, रेशम पवार, शिवप्रसाद शर्मा, रामेश्वर इंगले, टी. आर. रघुवंशी सहित सभी अहिंसा प्रेमियों ने सर्पमित्र अतुल तुर्के, अभिषेक ठाकुर एवं अहिंसा प्रेमी दीपकराज जैन का आभार व्यक्त कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

महिला दिवस पर दिव्यांग महिलाओं का किया सम्मान

छिन्दवाड़ा । ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान सौंसर द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र जामसांवली में सी-20 समाजशाला के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गत दिनों दिव्यांग महिलाओं का सम्मान किया गया । इस अवसर पर संस्था की दुर्गा ढोक, संध्या चौधरी, विजय वनकर, श्रीराम बोबडे, दिव्यांग संगीता बारमासे, पुष्पा रेवतकर, मेथा ढोबारे, सरस्वती तुमड़ाम, शीतल चटकवार, भारती शेंडे, लीला बोबडे आदि महिलायें उपस्थित थी। कार्यक्रम में मार्गदर्शन देते हुए संगीता बारमासे ने कहा कि महिलायें आज हर क्षेत्र में आगे हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। भारती शेंडे ने कहा कि हमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत हैं, आप सभी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें।

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती पटले ने की सहकारी बैंक के ऋणवसूली की समीक्षा

31 मार्च के पूर्व लक्ष्य पूर्ति के दिये निर्देश

छिन्दवाड़ा । जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिन्दवाड़ा की 26 शाखाओं और उससे संबध्द 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के विकासात्मक कार्यों व विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति तथा प्रगति की समीक्षा कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती शीतला पटले ने की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्रीमती पटले ने फसल ऋण वसूली में प्रगति नहीं करने वाली शाखाओं और समितियों के प्रबंधकों/प्रभारियों को 31 मार्च के पूर्व लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये। बैंक के महाप्रबंधक श्री कृष्ण कुमार सोनी ने बताया कि बैठक के दूसरे चरण में उप संचालक कृषि ने समितियों के रसायनिक खाद भण्डारण व अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बैंक के महाप्रबंधक श्री सोनी ने शाखावार एवं समितिवार ऋण वसूली की समीक्षा कर ड्यू डेट के पूर्व ऋण वसूली के लिये निर्धारित कार्ययोजना तैयार कर अनिवार्यत: लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये। बैठक में सहायक संचालक कृषि, कृषि अनुविभागीय अधिकारी, उप आयुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, बैंक के सहायक प्रबंधक श्री अभय कुमार जैन, जिले के कृषि विकास अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, सहकारी बैंक के अधिकारी, जिले की शाखाओं के शाखा प्रबंधक और समितियों के प्रबंधक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

यू टू फिटनेस क्लब छिंदवाड़ा ने एसीसी क्लब को 1 रन से हराया

छिन्दवाड़ा । पहला मैच एसीसी छिंदवाड़ा व यू टू फिटनेस क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यू तू फिटनेस क्लब ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए। जिसमें 39 रन मोहनीश ठाकुर व 35 रन आदर्श विश्वकर्मा ने बनाएं।एसीसी के गेंदबाज आदेश खरे ने 2 विकेट लिए।164 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसीसी क्लब 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन ही बना सकी।एसीसी क्लब के बल्लेबाज कासिफ कुरैशी ने 41 व शाहबाब परवेज ने 23 रन बनाए। यू टू फिटनेस के गेंदबाज आकाश सूर्यवंशी ने 2 विकेट लिए। मैच 1 रन से यू टू फिटनेस क्लब ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। आज का *दूसरा मैच* ब्रेनरूट चौरई क्लब व ताज स्पोर्टिंग चौरई के मध्य खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए ताज स्पोर्टिंग क्लब चौरई ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन बनाये।जिसमे 82 रन रन गोलु सोनी व 21 रन युगेश ने बनाये।ब्रेनरूट चौरई के गेंदबाज रितिक साहू ने 3 व कल्याण पटेल ने 2 विकेट लिए। 161 रनो के लक्ष्य को ब्रेनरूट क्लब चौरई ने 19.4 ओवर में 9 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ब्रेनरूट चौरई के बल्लेबाज ऋतुराज दीक्षित ने 35 रन नाबाद व प्रदुमन वर्मा ने 29 रन बनाए। ताज स्पोर्टिंग क्लब चौरई के गेंदबाज उगेंद्र मसराम ने शानदार हैट्रिक लेते हुए 3 विकेट लिए। वहीं देवेश शर्मा व नयन श्रीवास ने 2-2 विकेट लिए मैच 1 विकेट से ब्रेनरूट क्लब चौरई ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

स्वच्छता के प्रति बढ़ाया गया आपका एक कदम नगर को स्वच्छ, सुंदर बना सकता है: विनोद तिवारी

सिद्धि विनायक वार्ड में चलाया से स्वच्छता अभियान

छिंदवाड़ा । स्वच्छता के लिए बढ़ाया गया आपका एक कदम छिंदवाड़ा नगर को इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में स्वच्छता में अग्रणी शहरों ला सकता है उक्त स्वच्छता का संदेश गुरुवार को सिद्धि विनायक नगर वार्ड नंबर 10में नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर विनोद तिवारी ने स्वच्छता शपथ दिलाते हुए उपस्थित लोगो से कहा ।स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम जन अभियान परिषद की सिद्धि विनायक नगर विकास समिति नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति छिन्दवाड़ा के पदाधिकारी मेंबर्स उपस्थित थे । नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह , जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल, ब्लॉक समन्वयक, अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर विनोद तिवारी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवम स्वच्छता अभियान चलाया जिसे सिद्धि विनायक नगर विकास समिति से श्रीमती नीलिमा पूरी गोस्वामी, श्रीमती प्रीति ठाकुर, श्रीमती प्रीति बंदेवार, श्रीमती मीना गुप्ता, श्रीमती उषा बघेल, श्रीमती पूजा पांडे,प्रीति मौर्य, निशा सूर्यवंशी, रितु ठाकुर, महेश बंदेवार, मानसी, और जन अभियान परिषद से मेंटर्स श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति ठाकुर, आशीष साहू, जयप्रकाश सूर्यवंशी, डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा, नंदू निर्मलकर, दीपमाला सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, वार्डवासी उपस्थित रहे।

रतलाम में भाजपा द्वारा बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान बजरंगबली के अपमान विरोध में भोपाल 1100 क्वार्टर स्थित हनुमान मंदिर पर प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने भाजपा को सद्बुद्धि हेतु हनुमान चालीसा का पाठ किया।

साहित्यकार कृष्ण बिहारी मिश्र और पुष्पेंद्र पाल सिंह के निधन पर माधव राव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय और शोध संस्थान में श्रद्धांजलि सभा हुई। इस अवसर पर प्रख्यात अभिनेता राजीव वर्मा, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, राजेश बादल आदि मौजूद रहे।

सांची का दही 3 रुपये, लस्सी 4 रुपये हुए महंगे, पनीर और पेड़े के रेट भी बढ़े

भोपाल। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने कुछ दिन पहले अपने सांची दूध के अलग-अलग वैरिएंट के दामों में इजाफा किए था। अब दूध के अलावा अन्य उत्पादों की कीमतें भी बढ़ा दी गई हैं। बढ़ी हुई दरें शनिवार यानी आज से लागू हो गई हैं। ग्राहकों को अब सांची का 100 ग्राम की पैकिंग में मिलने वाला मीठा दही शनिवार से 12 रुपये की जगह 15 रुपये में मिलेगा। इसके दाम में तीन रुपये की वृद्धि कर दी है। इसी तरह सांची पनीर, पेड़े के दामों में भी मामूली वृद्धि लागू की गई है।

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने इसके पहले सांची के दूध के दाम में बढ़ोतरी की थी। अब अन्य उत्पादों के दाम बढ़ा दिए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 250 ग्राम सांची पेड़े का पैकेट अब 105 में मिलेगा। पनीर का 200 ग्राम का पैकेट 90 में और 500 ग्राम का पैकेट 195 रुपये मिलेगा। सादे दही का 500 एमएल का पैकेट 55 में मिलेगा। जबकि सांची की 200 ग्राम की पैकिंग में मिलने वाली लस्सी 26 रुपये की जगह 30 में मिलेगी। हालांकि कुछ उत्पादों के दाम नहीं बढ़ाएं हैं। दाम में वृद्धि किए जाने से उपभोक्ता नाराज हैं तो सांची पार्लर संचालक भी खुश नहीं है। इनका कहना है कि सांची दूध व दुग्ध उत्पाद के दामों में तो वृद्धि तो की गई, लेकिन सभी उत्पादों पर उन्हें मिलने वाला कमीशन नहीं बढ़ाया गया।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने प्रदेश वासियों को महंगाई बढ़ाने की बधाई देते हुए कहा है - सांची प्रोडक्ट के दाम बढ़ा दिए हैं। सांची लस्सी आज से 4 रु महंगी, मीठा दही 3 रु महंगा। दूध प्रोडक्ट के दामों में 12 से 25त्न तक बढ़ोतरी की गई है, जिसमे सांची लस्सी,मीठा दही, सांची पेड़े,पनीर,सादा दही सभी शामिल है। कोई भी परेशानी हो तुम्हारा मामा है ना !

फायर फाइटर का मोबाइल हैक कर बच्ची की बीमारी के नाम पर मांगी जा रही रकम

भोपाल। राजधानी के गांधी नगर इलाके में स्थित फायर बिग्रेड स्टेशन के फायर फाइटर को शातिर जालसाज ने निशाना बनाया। अज्ञात बदमाश ने उनके मोबाइल हैक कर डाटा चुराया और उनके संपर्क सूची के लोगों को संदेश भेजकर उनकी बेटी की बीमारी का झांसा देकर रुपये मांगे जा रहे हैं। अभी तक करीब 20 से 25 लोगों ने रुपये ठग के बताए यूपीआई में जमा करवा दिए गए हैं। जानकारी मिलते ही पीड़ित ने ठगी की शिकायत भोपाल साइबर क्राइम पुलिस में कर दी है, लेकिन फिलहाल पुलिस को कोई सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के मुताबिक 24 रुसल्ही करोंद निवासी पंकज यादव नगर निगम की फायर बिग्रेड में नौकरी करते हैं और इन दिनों गांधीनगर में फायर फाइटर के रूप में तैनात हैं। आठ मार्च को उनके पास लोगों के फोन आए और उनकी बेटी की बीमारी के बारे में पूछना शुरू किया। इसके बाद उनकी जानकारी में आया कि कोई व्यक्ति उनके नंबर से रिश्तेदार को संदेश भेजकर रुपये मांग रहा है। तब जाकर उनको एहसास हुआ है कि उनका फोन हैक किया जा चुका है। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई।

रवीन्द्र भवन में राष्ट्रीय चित्रकला शिविर तूलिका का शुभारम्भ

भोपाल। रवीन्द्र भवन में आज से 16 मार्च, 2023 तक समकालीन कला पर आधारित राष्ट्रीय चित्रकला शिविर 'तूलिका' का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में देश के 16 प्रख्यात चित्रकार शामिल हो रहे हैं, जो समकालीन चित्रकला आधारित कला कार्य करेंगे। इस चित्रकला शिविर का शुभारम्भ 10 मार्च, 2023 प्रातः 11:30 बजे से किया जावेगा। इस चित्रकला शिविर में सिद्धार्थ-नोयडा, एल.एन. भावसार-भोपाल, धर्मेन्द्र सिंह राठौर-राजस्थान, मनीष पुष्कले-नई दिल्ली, आनन्द पांचाल-मुम्बई, संगीता कुमार मूर्ति-गुड़गांव, सिद्धार्थ सिंगाड़े-मुम्बई, मदन लाल-चण्डीगढ़, मैत्रेयी करनन्दी-कोलकाता, रामचन्द्र पोकले-नई दिल्ली, मीनाक्षी झा बैनर्जी-बिहार, तबस्सुम-भोपाल, रागिनी सिन्हा-बिहार, बृजमोहन आर्य-ग्वालियर, दिनेश कुमार-नई दिल्ली एवं राजेश कुमार सिंह-प्रयागराज आमंत्रित किये गये हैं।

प्रदेश में 500 करोड़ की राशि से बनेंगी 3500 राशन की दुकानें

भोपाल। प्रदेश में 500 करोड़ रुपये की लागत से 3500 शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए उचित मूल्य दुकानों के सुदृढ़ीकरण और सुव्यवस्थित संचालन के साथ खाद्यान्न की कालाबाजारी रोकी जाए। यह निर्देश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने शुक्रवार को दिए हैं। वह संभागायुक्त कार्यालय भोपाल में नर्मदापुरम और भोपाल संभाग की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस दौरान नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीमन शुक्ला, संचालक तरुण कुमार पिथौड़े, कलेक्टर अविनाश लवानिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश में 3 दिन गर्मी, अगले हफ्ते ओले-आंधी और तेज बारिश होगी

भोपाल। मध्यप्रदेश में 3 मार्च से एक्टिव बारिश, ओले और तेज आंधी का सिस्टम अब खत्म हो गया है। इससे अगले तीन दिन तेज गर्मी वाले रहेंगे। कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री के पार पहुंचेगा, जबकि रात में तापमान 18 डिग्री को छू सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 12 मार्च से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो जाएगा, जिसका असर प्रदेश में 14 मार्च से शुरू होगा। इससे 15 से 18 मार्च के बीच तेज बारिश, आंधी और ओले भी गिरेंगे।

मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि 3 से 10 मार्च के बीच साउथ वेस्ट राजस्थान में प्रेरित चक्रवात बना था। इसके अलावा, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय रहा। इस कारण एक्टिविटी हुई। साउथ कोंकण से लेकर सेंट्रल छत्तीसगढ़ तक ट्रफ लाइन गुजरने से सिस्टम और मजबूत हो गया। इसी की वजह से वेदर डिस्टर्ब हुआ। प्रदेशभर में ओले, बारिश और आंधी का दौर चला। यह सिस्टम लगभग खत्म हो गया है।

आज कुछ इलाकों में मौसम में मामूली बदलाव हो सकता है, लेकिन अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहेगा। 11, 12 और 13 मार्च तक मौसम ऐसा ही रहेगा, लेकिन इसके बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। अरब सागर से आने वाली हवाओं के चलते प्रदेश में असर रहेगा। बारिश के साथ ओले गिरेंगे और तेज आंधी भी चलेगी। 18 मार्च तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा।

भोपाल में ऐसा रहेगा मौसम

भोपाल में 11 मार्च को मौसम साफ हो जाएगा। 12 और 13 मार्च को बादल छाए रहेंगे। वहीं, 14 मार्च से हल्की बारिश का दौर शुरू होगा। 18 मार्च तक बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। बदले मौसम के बावजूद दिन का तापमान 33 और रात का पारा 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा।आमतौर पर प्रदेश के शहरों में हवा की स्पीड अधिकतम 20 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहती है, लेकिन बारिश-ओले के सिस्टम की वजह से कई शहर ऐसे हैं, जहां हवा की स्पीड ज्यादा है। सतना, कटनी, बालाघाट, पन्ना, रीवा, शहडोल में भी एवरेज से ज्यादा रफ्तार रही।

मप्र में एच3एन2 वायरस जैसे लक्षण

भोपाल में सर्दी-खांसी और फ्लू के 310 पेशेंट इनमें से 100 भर्ती

भोपाल। देश में अब एच3एन2 नाम का नया वायरस तेजी से फैल रहा है। अभी तक एच3एन2 के 90 केस सामने आए हैं। दो लोगों की मौत भी हुई है। मध्यप्रदेश में भी इसका खतरा मंडरा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार इसके लक्षण कोराना के लक्षणों से मिलते-जुलते हैं। भोपाल के अस्पतालों में इसी के लक्षणों वाले 40 से ज्यादा मरीज रोजाना आ रहे हैं। डॉक्टर्स ने बताया कि ओपीडी में आने वाला हर तीसरा या चौथा मरीज एच3एन2 या इससे मिलते-जुलते लक्षण यानी सर्दी, खांसी और फ्लू से पीड़ित है। हालांकि नए वायरस की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। केंद्र या राज्य सरकार की ओर से भी कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है।



डॉक्टर्स का कहना है कि इन मरीजों का कोरोना टेस्ट भी निगेटिव आ रहा है। शुक्रवार को प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में ऐसे 100 से अधिक मरीज भर्ती हैं। वहीं, यहां करीब 310 से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंचे। अस्पतालों में सर्दी, खांसी और तेज बुखार की शिकायत के साथ मरीज आ रहे हैं। पूछताछ के दौरान मरीजों ने बीमारी की शुरुआत कोरोना के जैसे लक्षणों से होने की जानकारी दी है। इनमें सभी का आरटीपीसीआर टेस्ट निगेटिव मिला है। डॉक्टर्स के अनुसार किसी को सांस लेने में दिक्कत, सीने में दर्द या तकलीफ, लगातार बुखार आना या खाना खाने में गले में दर्द होता है, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए वायरस का सबटाइप है। डब्ल्यूएचओ और अमेरिका के सीडीसी के मुताबिक यह मनुष्यों में इन्फ्लुएंजा का अहम कारण है। यह वायरस पक्षियों और जानवरों को भी संक्रमित कर सकता है। पक्षियों और दूसरे जानवरों में इसके कई स्ट्रेन्स पैदा हो चुके हैं। जो श्वसन में संक्रमण पैदा करता है। इन्फ्लूएंजा ए वायरस का सबटाइप है जिसकी खोज 1968 में हुई थी। एच3एन2 इंफ्लुएंजा संक्रामक है, जो एक से दूसरे व्यक्ति में मुंह या नाक से निकलने वाली बूंदों के माध्यम से फैलता है। छींकने, खांसने और यहां तक कि बोलने पर जो बूंदें निकलती हैं, वह आसपास मौजूद लोगों को संक्रमित कर सकती हैं। एक संक्रमित सतह को छूने के बाद अपने मुंह या नाक को उसी हाथ से छू लेने से भी संक्रमित हो सकते हैं। बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती, जो पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, ऐसे लोगों के संक्रमित होने का खतरा ज्यादा है।

भजन संध्या से मंत्री प्रभुराम चौधरी के जूते हुए चोरी, कार्यकर्ता के जूते पहनाकर किया रवाना

ग्वालियर। ग्वालियर में शक्रवार शाम स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर रखे गए भजन संध्या में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रदेश सरकार के मंत्री प्रभुराम चौधरी के जूते चोरी हो गए। मंत्रीजी की जूते चोरी होने का पता चलते ही खुद मंत्री, उनका स्टाफ और आधा सैकड़ा पुलिसकर्मी व अन्य स्टाफ जूते ढूंढ़ने में जुट गए। करीब आधा घंटा तक जूते तलाशने के लिए कड़ी मशक्कत की गई, लेकिन जब जूते नहीं मिले तो मंत्री प्रभुराम एक कार्यकर्ता के जूते पहनकर रवाना हो गए।

शुक्रवार को स्व. माधवराव सिंधिया की 78वीं जयंती थी। इस उपलक्ष्य में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कटोराताल स्थित सिंधिया छत्री पर भजन संध्या का कार्यक्रम रखा था। जिसमें प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के अलावा एक दर्जन प्रदेश सरकार के मंत्री व पूर्व मंत्री ने शिरकत की थी। इनमें सिंधिया समर्थक मंत्री प्रभुराम चौधरी भी शामिल थे। भजन संध्या में शामिल होने के बाद जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रवाना हुए तो उनके कुछ देर बाद मंत्री प्रभुराम चौधरी भी जाने को हुए। वह भजन संध्या के गेट पर पहुंचे जहां उन्होंने अपने जूते उतारे थे तो जूते ही नहीं मिले। छत्री परिसर से मंत्री प्रभु राम चौधरी के जूते गायब थे। इस पर वहां हंगामा खड़ा हो गया। मंत्रीजी और उनका स्टाफ आधे घंटे तक जूते तलाशते रहे, लेकिन जूते कहीं नहीं मिले। पुलिस ने भी जूतों की खोजबीन की, लेकिन नहीं सफलता मिल सकी। पता नहीं जूते आसमान खा गया या जमीन निगल गई। हैरतअंगेज इस घटना से सभी हैरान और परेशान हो गए कि आखिर मंत्रीजी का जूता गया तो गया कहां। इस घटना से मंत्री हताश और परेशान दिखे। उनके चेहरे की रौनक उड़ गई थी। सिर्फ मोजे पहने ही इधर-उधर चलते रहे और अपने जूते की तलाश करते रहे। कड़ी मशक्कत के बावजूद जूते नहीं मिले तो मंत्री जी नंगे पैर ही कार्यक्रम से जाने लगे, तब एक कार्यकर्ता ने मंत्रीजी को दूसरे जूते लाकर दिए। जिसके बाद मंत्री प्रभुराम चौधरी जूते पहनकर रवाना हो गए।

भोपाल: शहर सरकार के बजट पर मंथन, चुनावी वायदों को शामिल करने की मशक्कत

भोपाल। भोपाल की शहर सरकार के बजट पर मंथन का दौर जारी है। यह करीब 3200 करोड़ रुपए का होगा। नगर निगम के चुनाव के बाद यह परिषद का पहला बजट होगा। इसलिए कई चुनावी वादों को बजट में शामिल किए जाने की तैयारी है। इसे लेकर 15 मार्च को बड़ी मीटिंग होने की सभी उम्मीद है। जिसमें प्रबुद्धजनों से सुझाव भी लिए जा सकते हैं। एक दिन पहले ही मेयर मालती राय ने कांग्रेसी पार्षदों को सुझाव लेने के लिए बुलाया था।

पिछला बजट अफसरों ने तैयार किया था, जो 3 हजार 104 करोड़ रुपए का था। यह बिना लाभ-हानि का बजट पेश किया गया था। इस बार का बजट इससे ज्यादा के होने का अनुमान है। इसमें हर वार्ड को शामिल करने का प्लान है। आमतौर पर बजट 31 मार्च को पेश किया जाता है। अबकी बार भी इसी तारीख के आसपास बजट पेश किए जाने की चर्चा है। बजट को फाइनल मंजूरी देने से पहले एमआईसी की मीटिंग होगी। जिसमें सिर्फ बजट पर ही चर्चा की जाएगी। वहीं, 15 मार्च को सुझाव के लिए प्रबुद्धजनों को भी बुलाया जा सकता है। वित्त एवं लेखा विभाग के प्रभारी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि बजट पर काम किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि बजट में हर वार्ड के निर्माण कार्यों को शामिल किया जाना चाहिए। इसे लेकर मेयर राय को लेटर भी सौंपा है।

पिछले बजट में नहीं की थी कोई बढ़ोतरी- नगर निगम ने पिछले बजट में प्रापर्टी टैक्स में तो कोई बढ़ोतरी नहीं की थी, लेकिन 2400 वर्ग फीट या उससे ज्यादा बड़े मकानों का वाटर टैक्स 180 रुपए से बढ़ाते हुए 210 से 300 रुपए कर दिया था। वहीं, ठोस अपशिष्ट प्रभार भी 30 रुपए से बढ़ाते हुए 60 से 90 रुपए किया गया है। निगम कमिश्नर केवीएस कोलसानी चौधरी ने निगम प्रशासक गुलशन बामरा की मंजूरी के बाद बजट पेश किया था। परिषद नहीं होने की वजह से पिछले 3 बजट अफसरों ने ही तैयार किए थे।

उज्जैन के बाद अब कुमार विश्वास ने कटनी में बीजेपी पर मंच से तंज कसे !

कटनी। उज्जैन में महाकवि कुमार विश्वास ने भाजपा और संघ को लेकर जो टिप्पणी की थी, वो विवाद अभी थमा भी नहीं था कि इस कविराज ने गुरुवार को कटनी में फिर भाजपा और मुख्यमंत्री पर मंच से जबरदस्त हमले किए।

आयोजन की शुरुआत कुमार विश्वास ने 'मामा' शब्द से करते हुए की। वे मध्यप्रदेश की राजनीति पर कविता करते भी नजर आए। उन्होंने शुरुआत ही मुख्यमंत्री पर कमेंट करते हुए की। उन्हें भले और भोले बताते हुए अपना पुराना दोस्त बताया। फिर एक प्रसंग सुनाया कि वे और मैं भोपाल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एक कार्यक्रम में साथ थे। सामने सभी लड़के थे फिर भी शिवराज सिंह 45 मिनिट लाडली लक्ष्मी पर बोले। बोलने के बाद जब मैंने कहा कि ये तो लड़के हैं आप तो लाडली लक्ष्मी पर बोले तो शिवराज जी ने कहा कि मैं तो अभ्यास की वजह से बोल गया।

कार्यक्रम में आगे की कतार में बैठे लोगों पर कमेंट करते

हुए कुमार विश्वास ने कहा कि आगे जो बैठे हैं वो किसी न किसी पार्टी के विधायक होंगे। मध्यप्रदेश अजब है, यहां पता ही नहीं चलता कि कौन, कब, कहाँ है। कभी भाजपा में कभी कांग्रेस में। मध्यप्रदेश की उत्सवधर्मिता पर भी उन्होंने तंज कसा कि मोदी जी को भी चीते छोड़ना थे, तो उन्होंने मध्यप्रदेश को सौंप दिए कि तुम छोड़ो। कुमार विश्वास ने बाद में दिल्ली के मनीष सिसौदिया से लेकर होली तक पर कविता की। भाजपा और मुख्यमंत्री की सार्वजनिक तौर पर खिल्ली उड़ाने के बावजूद कुमार विश्वास भाजपा के प्रिय कवियों में एक हैं। अपमानित होने के बाद भी उन्हें लाखों रुपए फीस देकर बुलाया जा रहा है।

कटनी में हर साल की तरह इस साल भी होली के बाद 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम हुआ। इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन फारेस्टर प्ले ग्राउंड में किया गया। इसमें शामिल होने के लिए कवि कुमार विश्वास को आमंत्रित किया गया। उनके साथ कवि सुमन दुबे, कार्यक्रम के संयोजक मनोहर मनोज तिवारी, शंभू शिखर और सुदीप भोला समेत चेतन भी शामिल हुए। एक शाम शहीदों के नाम और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्व ओमप्रकाश सरावगी और स्वर्गीय शकुंतला सरावगी की पुण्य स्मृति में ओमप्रकाश सरावगी द्वारा निःशुल्क विद्यालय कटनी और कटनी टेंट लाइट एसोसिएशन मुक्तिधाम विकास समिति ने किया।

कुमार विश्वास के बाद चेतन चर्चित ने मंच पर पहुंचकर पाकिस्तान की तुलना भिखारी से करते हुए कविता शुरू किए। उसके बाद हास्य कवि शंभू शिखर ने होली पर कविता गाकर समा बांध दिया। लोग मस्त मलंग होकर 'खालो भांग की गोली रसिया, शंभू के संग हंसो-हंसाओ रसिया' जिसे लोग सुनकर मंधमुक्त हो गए। उसके बाद बिहार के रहने वाले शंभू शिखर ने बिहार की राजनीति पर कहा कि यहां के नेता बहुत ईमानदार होते हैं। जैसे लालू यादव ने जिस जेल का उद्घाटन किया, फिर उसी में जाकर रहे कुछ ऐसा ही हाल दिल्ली में चल रहा है।